# ड्राइवर ने महिलाओं के लिए नहीं रोकी बस...

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश पर हुआ सस्पेंड, दी यह सख्त हिदायत

### एक्शन में सीएम

● 'ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि कुछ ड्राइवर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते क्योंकि महिलाओं का सफर फ्री है'



ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि महिलाओं को देखकर कुछ ड्राइवर बस नहीं रोकते, क्योंकि महिलाओं का सफर फ्री है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बस ड्राइवर के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है।

- अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** महिलाओं के लिए बस नहीं रोकने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सीएम अरविंद केजरीवाल के आदेश पर बस चालक को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने मामले का वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए सख्त हिदायत भी दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट में लिखा 'ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि कुछ ड्राइवर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते क्योंकि महिलाओं का सफर फ्री है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बस ड्राइवर के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है'। बता दें कि मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही बस ड्राइवर की पहचान कर ली गई, जिसके बाद चालक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया'। ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि कुछ ड्राइवर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते क्योंकि महिलाओं का सफर फ़्री है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बस ड्राइवर के खिलाफ सख़्त एक्शन लिया जा रहा है।

## सेवा सचिव के बाद अब मुख्य सचिव को बदलने की तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में अरविंद केजरीवाल की सरकार सुप्रीम कोर्ट से मिली पावर के बाद एक्शन में नजर आ रही है। पहले सेवा सचिव आशीष मोरे को हटाकर के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को प्रस्ताव भेजा और अब दिल्ली के मुख्य सचिव को हटाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। उपराज्यपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र से सहमति मांगी है। दिल्ली सरकार नरेश कुमार की जगह पीके गुप्ता को मुख्य सचिव बनाना चाहती है। जिसके लिए दिल्ली सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेज दिया है। बता दें कि पीके गुप्ता 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और अभी हैं।

**सेवा सचिव को भी बदलने की तैयारी में दिल्ली सरकार:** वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने सेवा सचिव आशीष मोरे को हटाकर एके सिंह को पद देने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को प्रस्ताव भेजा था। सिविल सर्विस बोर्ड की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। इसमें अधिकारियों ने सेवा सचिव को हटाए जाने पर किसी तरह की असहमति नहीं जताई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने एके सिंह को नया सेवा सचिव बनाने का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजा। इस प्रस्ताव में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उपराज्यपाल निर्वाचित सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। सेवा सचिव को हटाने के लिए दिल्ली सरकार कई बार प्रयास कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद सेवा विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वर्तमान सेवा सचिव को हटाने का आदेश दिया लेकिन उन्हें पद से नहीं हटाया गया।

# आपको लहू चाहिए तो लहू देंगे...: सुरजेवाला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवान टस से मस होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन लगातार जारी है। इस प्रदर्शन में विपक्ष के नेताओं का पहुंचने का सिलसिला भी जारी है। गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला भी प्रदर्शन में पहुंचे। इस दौरान रणदीप सुरजेवाला ने पहलवानों की मदद करने की बात कही। सूरजेवाला ने कहा कि वो मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उनको ताकत चाहिए तो ताकत देंगे और अगर लहू चाहिए तो लहू देंगे।

**बंगला साहिब में पहलवानों ने टेका था मत्था:** पहलवानों ने बुधवार को बंगला साहिब गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका। इससे पहले पहलवानों ने मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान पहलवानों ने कहा था कि भगवान उनके साथ है और जल्द ही उन्हें न्याय मिलेगा। साथ ही पहलवानों ने धरने पर बुधवार को पंजाब से आए किसानों ने खिलाड़ियों का समर्थन किया।

किसानों ने कहा कि पंजाब से धरने पर आने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ती जाएगी।



**नितिन गडकरी ने कहा कि 9,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 29.6 किलोमीटर लंबा देश का पहला एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल द्वारका एक्सप्रेस-वे अप्रैल 2024 में लगभग पूरा हो जाएगा। गडकरी ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके. सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद प्रवेश सिंह वर्मा और सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया।**

# जामा मस्जिद के पास अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में अं**धाधुंध फायरिंग का मामला सामने आया है। आधी रात में ताबड़तोड़ फायरिंग से जामा मस्जिद का इलाका दहल उठा। यहां गेट नंबर एक के सामने अंधाधुंध फायरिंग में 26 साल के समीर की मौत हो गई है। शाका गेस्ट हाउस के नीचे रब चला दे होटल में काम करने वाला समीर अपने रिश्ते के भाई और गेस्ट हाउस के मालिक राजू शाका के साथ मौजूद था। अचानक कुछ लड़के आए और राजू को मारने लगे। समीर बीच बचाव में आया तो तभी हथियारों से लैस बदमाशों ने गोलियां चला दीं। इस दौरान समीर के गोली सर में जा लगी और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। एलएनजेपी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने समीर को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार समेत पूरे इलाके में गमगीन माहौल बन हुआ है। समीर के दो बच्चे हैं। घटना के बाद से बदमाश फरार बताए जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में गोलियां चलने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 16 मई को थाना चांदनी महल के चितली कब्र इलाके में गोलियां चली थी। महज 24 के भीतर यह दूसरा गोली कांड सामने आ गया।

# मिशन बुनियादः शिक्षा मंत्री ने बढ़ाया बच्चों व शिक्षकों का उत्साह

## एमसीडी स्कूलों में बदलाव की शुरूआत-सीखने का शानदार वातावरण तैयार कर मिशन बुनियाद द्वारा सुनिश्चित कर जा रहा है कि कोई भी बच्चा सीखने के क्रम में पीछे न छूटे-शिक्षा मंत्री आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षा मंत्री** आतिशी ने स्कूल विजिट की श्रृंखला जारी रखते हुए गुरुवार को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एमसीडी स्कूल का दौरा किया। विजिट के दौरान शिक्षा मंत्री ने मिशन बुनियाद की क्लासेज का निरीक्षण किया व शिक्षकों और बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। साथ ही शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि हर बच्चे के सीखने की गति की मॉनिटरिंग की जाए और उनकी सीखने की जरूरत के अनुसार उन्हें लर्निंग दी जाए। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि एमसीडी स्कूलों में बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। बदलाव की इस शुरूआत के साथ अब एमसीडी के स्कूलों में सीखने का शानदार माहौल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 15 सालों के शासन में एमसीडी स्कूलों में पढ़ाई की बदहाली रही, शिक्षकों को उपेक्षा की गई। भाजपा शासन में हमेशा ये माना गया कि यहाँ आने वाले बच्चे गरीब घरों से आते है तो उन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। लेकिन अब ये परिदृश्य बदल



चुका है अब एमसीडी में हमारी सरकार आने के बाद शिक्षकों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उसके साथ एमसीडी स्कूलों में पढ़ने-पढ़ाने का बेहतर माहौल तैयार हुआ है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इन क्लासरूम में बैठे बच्चे देश का भविष्य है हम देश के भविष्य को मजबूत कर सकें इसके लिए जरुरी है कि हम अपनी कक्षाओं में बैठे बच्चों की बुनियाद को मजबूत करें इसके लिए जरूरी है कि टीचर्स आगे बढ़कर ऑनरशिप ले अपनी क्लास में हमेशा हर बच्चों को बेहतर सीखने में मदद करने के लिए प्रेरित करें। ऐसे करने के बाद ही हम मिशन बुनियाद के लक्ष्य पूरी तरह से हो प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीचर्स हमेशा इस बात का ध्यान रखे कि मिशन बुनियाद द्वारा हम बच्चों की भाषा और बुनियादी गणित की समझ को बेहतर नहीं किया जा रहा बल्कि हर बच्चे को बराबरी का अवसर देने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे स्कूलों में आने वाले बच्चों को चाहे आजतक कोई शिक्षा न मिली हो लेकिन जब वो हमारे स्कूलों से बाहर निकले तो बराबरी के स्तर और मौके के साथ निकले।

# सत्येंद्र जैन की बेल पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस एएस बोपन्ना और हिमा कोहली की बेंच ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**वेकेशन बेंच में अपील कर सकते हैं सत्येंद्रः** सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। जैन की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि उन्हें वेकेशन बेंच में सुनवाई की छूट दी जाए। इस पर बेंच ने उन्हें वेकेशन बेंच में जाने की परमिशन दी। साथ ही आपत्तियां दर्ज करने की छूट दी है। सत्येंद्र जैन 31 मई 2022 से हिरासत में हैं। 6 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

**वकील बोले- जेल में 35 किलो वजन घट गयाः** जैन की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट अभिषेक एम सिंघवी ने उनकी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला दिया। सिंघवी बोले कि वो आदमी कंकाल हो गया है, जेल में उसका 35 किलो वजन घट गया है। सिंघवी ने कहा था कि जैन की सेहत लगातार बिगड़ रही है और उनका केस वेटिंग लिस्ट में 416 नंबर पर है।

**सत्येंद्र की सेल में 2 कैदी रखे, सुपरिन्टेंडेंट को नोटिसः** पिछले साल नवंबर में तिहाड़ जेल के अंदर सत्येंद्र जैन की सेल से कुछ वीडियो सामने आए थे, जिसमें वे बॉडी मसाज लेते नजर आए थे। पिछले साल नवंबर में तिहाड़ जेल के अंदर सत्येंद्र जैन की सेल से कुछ वीडियो सामने आए थे, जिसमें वे बॉडी मसाज लेते नजर आए थे।

# दो इलाकों में गोवंश काटने को लेकर हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** कंझावला और अमन विहार थाना क्षेत्र के मदनपुर डबास गांव स्थित गोदाम के अंदर गोवंश काटने जाने की खबर से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कसाई छह गोवंश काटने वाले थे। आरोपी एक गोवंश को काट चुके थे और एक गोवंश की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया था कि गुरुवार तड़के गोरक्षक गोदाम के दरवाजे तोड़कर अंदर घुस गए। पुलिस ने मौके से दो



आरोपितों को पकड़ा है। इस मामले में दिल्ली गोरक्षा दल के अध्यक्ष रॉकी राणा कंझावला थाने में प्राथमिकी दर्ज करवा ही रहे थे कि उन्हें रोहिणी सेक्टर 21 में गोवंश काटने की जानकारी मिली।

# स्कूल निर्मा□ में ढिलाई बरतने वाले इंजीनियरों को मिला नोटिस

## 3 दिनों के भीतर इंजीनियरों द्वारा संतोषप्रद जबाव नहीं दिया जाता है तो उनके खिलाफ विभागीय कारवाई की जाएगी

### कार्रवाई

● पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि यहाँ बन रहे नई बिल्डिंग ब्लॉक का निर्माण कार्य तय समय से काफी पीछे चल रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्कूल नि**र्माण में देरी पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने तुरंत एक्शन लिया है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी द्वारा रोहिणी सेक्टर-6 स्थित दिल्ली सरकार के स्कूल में बन रहे नई बिल्डिंग ब्लाक का निरीक्षण किया गया। यहाँ पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने निर्माण कार्य में देरी और लापरवाही पाई जिसपर तुरंत एक्शन लेते हुए विभाग द्वारा मंत्री के निर्देश पर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर व असिस्टेंट इंजीनियर को कारण बातों नोटिस भेजा गया है और 3 दिनों के भीतर इंजीनियरों द्वारा संतोषप्रद जबाव नहीं दिया जाता है तो उनके खिलाफ विभागीय कारवाई की जाएगी। बुधवार सुबह सर्वोदय विद्यालय, सेक्टर-6, रोहिणी के दौरे पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि यहाँ बन रहे नई बिल्डिंग ब्लॉक का निर्माण कार्य तय समय से काफी पीछे चल रहा है। टॉयलेट ब्लाक में टाइलिंग, सैनिटरी फिटिंग और अन्य फिनिशिंग



वर्क अबतक पूरा नहीं हुआ है नए ब्लाक के क्लासरूम में इलेक्ट्रिसिटी फिटिंग का काम भी अबतक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने पाया कि एक ओर काम तय समय से पीछे चल रहा है तो दूसरी ओर यहाँ श्रमिकों की संख्या भी बेहद कम है। साथ ही निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ कमरों में फ्लोरिंग ठीक से नहीं हुआ है और कुछ पत्थरों में दरारें आ गई हैं। बिल्डिंग में रंग के छींटे इधर-उधर दिखाई दे रहे हैं और अभी सफाई का काम भी बाकी है। इन सभी लापरवाहियों को देखते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इंजीनियरों की कड़ी फटकार लगाई और उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि काम में लापरवाही और ढिलाई बरतने वाले सभी लोगों पर कड़ी कारवाई की जाए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार में शिक्षा के प्रति लापरवाही बरतने वाले लोगों के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा हम अपने स्कूलों के निर्माण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं कर सकते है और जो भी ऐसा करता पाया जायेगा उसे बख्शा नहीं जायेगा।

## वायु गुणवत्ता को लेकर दिल्ली सचिवालय में की गई समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में दिल्ली की वायु गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करने पर पाया गया कि पश्चिम से चल रही धूल भरी हवाओं ने दिल्ली का एक्यूआई लेवल और पीएम 10 को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाई है। 16 और 17 मई को दिल्ली में पीएम10 की मात्रा में बढ़ोत्तरी देखी गई। इसी को देखते हुए सभी एजेंसियों को सीएंडडी साइट्स पर लगातार एंटी स्मोग गन चलाने और पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए है।

# शातिर चोर गिरफ्तारः 4000 गाड़ियां बेचीं, लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह से कनेक्शन, पुलिस ने रखा था इनाम

## पुलिस ने एक मामले में इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था, आरोपी की पहचान समर गार्डन, मेरठ निवासी 40 वर्षीय शमीम उर्फ पिल्ला के रूप में हुई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुलिस की** स्पेशल सेल ने दस सालों में 4000 से ज्यादा गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर बेचने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर भारत के कुख्यात वाहन चोर मनोज बक्करवाला का करीबी है। पुलिस ने एक मामले में इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी की पहचान समर गार्डन, मेरठ निवासी 40 वर्षीय शमीम उर्फ पिल्ला के रूप में हुई है। आरोपी के लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह से भी तार जुड़े हुए हैं। गिरोह के एक सदस्य के भाई को सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था।

**पुलिस ने रखा था 25 हजार का इनामः** स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने बताया कि टीम ने अप्रैल में 25 हजार के इनामी बदमाश कमल को गिरफ्तार किया था। इसने पूछताछ के दौरान बताया कि वह सहयोगियों के साथ 800 से ज्यादा फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बनवा चुका है। कमल से पूछताछ और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से टीम को पता चला कि सहयोगी शमीम संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, समयपुर बादली में आने वाला है। सूचना के बाद आरोपी को दबोच लिया गया। शमीम ने बताया कि वह मनोज बक्करवाला और मेरठ के नवाब जैसे वाहन चोर गिरोह के लिए काम करता है। इनकी मदद से चोरी के वाहन अलग-अलग राज्यों में अपराधियों को बेच दिए जाते थे।

**बहादुरगढ़ पुलिस कर रही थी तलाशः** पुलिस ने आरोपी शमीम के पास से तमंचा और इंजन व चेसिस नंबर बदलने के औजार बरामद किए हैं। स्पेशल सेल ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू की। बहादुरगढ़ की



सदर थाना पुलिस ने मनोज बक्करवाला समेत इस गिरोह से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया था। उस समय शमीम भागने में कामयाब हो गया था। गिरोह के लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ सिंडिकेट से भी तार जुड़े हुए थे। छह आरोपियों में गिरफ्तार आरोपी चिराग उर्फ कालू का भाई सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल रहा था।

**गूगल पर अपना नंबर डालकर ठगी, ओडिशा से दबोचा गयाः** यदि आप गूगल की मदद से किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर ढूंढते हैं तो जरा सावधान हो जाएं। कहीं ऐसा न हो कि कंपनी का नंबर ढूंढते-ढूंढते आप ठगों के जाल में फंस जाएं। द्वारका जिला के साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे ही गैंग के सदस्य को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दिलीप कुमार जेना 23 वर्षीय के रूप में हुई है।

आरोपियों ने गूगल पर मोबीक्विक और पेटीएम का फर्जी कस्टमर केयर नंबर डाला हुआ था। कोई भी गूगल की मदद से इनका नंबर ढूंढता तो आरोपियों का नंबर मिलता। जैसे ही पीड़ित कॉल करते तो आरोपी खुद को कंपनी का अधिकारी बताकर विश्वास में लेकर व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर रकम उड़ा लेते थे। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि 12 अप्रैल को द्वारका साइबर थाने में शिकायत मिली थी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने 11 अप्रैल को मोबीक्विक का कस्टमर केयर नंबर गूगल की मदद से लिया था। वहां कॉल करने पर आरोपियों ने एक लिंक भेजा। बाद में उनके दो बैंक खातों से दो लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम दो अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई थी।

एक लाख रुपये एचडीएफसी बैंक में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने उस खाते की जानकारी जुटाई तो पता चला कि खाता ओडिशा में किसी दिलीप कुमार का है। एक टीम को तुरंत बालेश्वर जिला, ओडिशा भेजकर दिलीप को दबोच लिया गया।

उसके पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद किया गया। दिलीप ने बताया कि वह निरंजन नेता उर्फ मुन्ना के साथ मिलकर ठगी कर रहा था।

## न्यूज फ्लैश

### कोई भी व्यक्ति सरकारी, गैर सरकारी लोगों के बहकावे में ना आए

**पानीपत: जिला परिषद** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित सभी आमजन से अपील की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्तमान में नए मकान बनाने व बनवाने हेतु किसी भी प्रकार का ऑनलाइन ऑफलाइन आवेदन लेकर पंजीकृत नहीं करवाया जा सकता। उन्होंने बताया कि इस योजना में नए नाम पंजीकरण हेतु पोर्टल भारत सरकार द्वारा दिनांक विगत 7 मार्च 2019 को बंद कर दिया गया था। इस योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवसों में संबंधित खंड स्तर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी या गैर सरकारी लोगों के बहकावे में ना आए और किसी भी प्रलोभन में न फंसे सरकार की तरफ से पोर्टल चालू होने पर आवेदन शुरू किए जाएंगे और आमजन को इसकी सूचना दे दी जाएगी।

### सनस्टोन के लाभ अब जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड डिजाइन, ग्रेटर नोएडा में उपलब्ध

**नोएडा।** 35 शहरों और 50 से अधिक संस्थानों में मौजूद भारत के अग्रणी उच्च शिक्षा स्टार्टअप में से एक, सनस्टोन अब जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड डिजाइन, ग्रेटर नोएडा को अपनी उत्कृष्टताओं का लाभ प्रदान कर रहा है। एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित।(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार), यह संस्थान विपणन और मानव संसाधन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और अनुसंधान एवं व्यापार विश्लेषिकी में विशेष स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रबंधन कार्यक्रम उपलब्ध कराता है। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड डिजाइन के साथ सनस्टोन के छात्रों के लिए 1200+ रिक्रूटर्स का विशाल नेटवर्क उपलब्ध हो सकेगा। इससे छात्रों को फॉर्च्यून 500 कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों और भर्ती में वर्षों के अनुभव वाले स्टार्ट - अप्स से सीखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप और वास्तविक जीवन से जुड़ी परियोजनाओं के जरिए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे और साथ ही पहले दिन से ही नौकरी के लिए उनका तैयार होना सुनिश्चित हो सकेगा। वे अपने प्रामाणिक कौशल और अनुभव को प्रदर्शित करने के लिए पेशेवर पोर्टफोलियो भी बना सकते हैं, जिससे वे उद्योग के लिए तैयार हो सकते हैं। यह साझेदारी निस्संदेह छात्रों को उनके कॅरियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने और स्वयं को अग्रणी बनाए रखने में मदद मिलेगी। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए श्री पीयूष नांगरू, सह - संस्थापक और सीओओ, सनस्टोन ने कहा, ह्लहमें जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड डिजाइन के छात्रों को अपने प्रोग्राम के लाभ प्रदान करने की बेहद खुशी है। हमारा जोर प्राथमिक रूप से छात्रों को गहन और अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर, उपयोगी ज्ञान और अत्याधुनिक, प्रौद्योगिकी - सक्षम प्रशिक्षण प्रदान करने पर है। साथ ही, उन्हें इंडस्ट्री 4.0 के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना और उन्हें उद्योग के लिए तैयार करना है। हम भारत के टियर -2 और टियर -3 शहरों में उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटने और युवाओं की क्षमता को का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और लगातार अपडेट किए गए पाठ्यक्रम युक्त हमारा हाइब्रिड शिक्षा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि हमारा कार्यक्रम तेजी से बदलते उद्योग परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और विशेषज्ञता के साथ छात्रों को तैयार करे।"

### भारतीय माताओं को सशक्त बनाने के लिए मदर इंडिया प्रोग्राम का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** मदर इंडिया प्रोग्राम के बहुप्रतीक्षित लॉन्?च इवेंट का आयोजन मदर्स डे के मौके पर दुबई के प्रतिष्ठित अरमानी होटल, बुर्ज खलीफा में 14 मई को हुआ। यह इवेंट काफी सफल रहा और इसमें सबीना शेख, ललित राज पंडित, सालेह श्वाल अल यामी, और डैन लनक्विस्ट सहित कई जानीमानी हस्तियों ने शिरकत की। इसके अलावा भारत, यूएई, सउदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और जापान के कई दूसरी कारोबारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी उपस्थिति ने इस अवसर के महत्व को बढ़ाया और मदर इंडिया प्रोग्राम के लिए उनके सहयोग का प्रदर्शन किया।
संस्थापक और दूरदर्शी, नक्का वेंकट राव ने मदर इंडिया प्रोग्राम से जुड़ी अपनी गहरी प्रेरणा को व्यक्त करते हुए कहा, "यह कार्यक्रम भारत की माताओं के प्रति हमारा सम्मान है। हम हर संभव तरीके से हर क्षेत्र में मांओं का सम्मान, पहचान और समर्थन करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।" इस लॉन्च इवेंट ने भाग लेने वालों का ध्?यान अपनी ओर आकर्षितकिया और उनका उत्साह देखने लायक था। इन दर्शकों ने मदर इंडिया प्रोग्राम के बदलाव लाने वाली क्षमता को पहचाना। इवेंट में मौजूद एक प्रतिनिधि अबुदुलाई अलफहमी ने कहा, मदर इंडिया प्रोग्राम मांओं के अथक प्रयासों को पहचानने और उनकी सराहना करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने का एक उल्लेखनीय प्रयास है।"

# मेयर निखिल मदान ने किया सिक्का कॉलोनी का दौरा

## नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान वीरवार को वार्ड नं 10 की सिक्का कॉलोनी, गली नंबर 1 ( कुटिया वाली गली ) में पहुंचें।मेयर निखिल मदान ने गली में डाली जा रही नई सीवरेज लाइन के कार्य का निगम अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवर लाइन डालने के दौरान कुछ पेयजल पाइप लाइन एजेंसी द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई है। जिसके चलते लोगों को पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। समस्या के संज्ञान में आने के बाद मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों और एजेंसी प्रतिनिधि को क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को जल्द से जल्द ठीक कर ,पाइपलाइन जोड़कर पेयजल आपूर्ति को सामान्य रुप से बहाल करने के आदेश दिए। साथ ही क्षेत्र में सीवरेज के कारण हुए जल भराव को स्थाई रूप से दूर करने के लिए कॉलोनी की सीवरेज लाइन को ड्रेन न 6 में नीचे बनी नई सीवरेज लाइन में जोड़ने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने इसके बाद निगम अधिकारियों के साथ ड्रेन नं 6 का भी दौरा किया और ड्रेन के साथ लगती कालोनियों में जल भराव न हो इसके लिए जरूरी तैयारी करने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर निगम एस डी ओ सुरेश लोहान,कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़,कनिष्ठ अभियंता सचिन राठी,कर्मपाल, पी सी अरोड़ा,विजय,संजय,देवेंद्र शर्मा,आनंद गुलशन,कपिल,भारत,मांगे राम,सोनू,जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

## दुष्यंत पानीपत में आज करेंगे 28 कार्यक्रमों में शिरकतः सुरेंद्र धोला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जननायक** जनता पार्टी के जिला प्रधान सुरेंद्र धोला ने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को दिनभर पानीपत शहर के दौरे पर रहेंगे और वे पानीपत शहर में 28 सार्वजनिक एवं निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला ने बृहस्पतिवार को सभी कार्यक्रम स्थलों का दौरा करके जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सबसे पहले शुक्रवार को सुबह 11 बजे नई अनाज मंडी में आढ़ती एसोसिएशन से मीटिंग करेंगे। वे जाटल रोड स्थित पार्टी कार्यालय में शाम को 7.30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं व पूर्वांचल वासियों से भी मुलाकात करेंगे। उप मुख्यमंत्री का आखरी 8 बजे का कार्यक्रम एल्डिको में है और उसके उपरांत चंडीगढ़ के लिये रवाना होगे।

## हरियाणा कला परिषद द्वारा 20 दिवसीय बांसुरी वादन कार्यशाला का शुभारंभ



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा कला परिषद द्वारा परिषद के निदेशक श्री संजय भसीन के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में 20 दिवसीय बांसुरी वादन कार्यशाला का शुभारम्भ विद्यालय के प्रिंसीपल डॉ सचिन्द्र कुमार, बांसुरी वादन प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा, संस्कृत अध्यापिका सुनीता, संगीत अध्यापक राजेश तथा गणित अध्यापक प्रेम जी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे सरस्वती वंदना कर किया गया । डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा बांसुरी वादन कार्यशाला का प्रयोजन बताया गया । उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला 18 मई से 6 जून 2023 तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी । प्रधानाचार्य डॉ सचिन्द्र कुमार ने कहा कि बांसुरी वादन कार्यशाला के माध्यम से भगवान कृष्ण की कर्मनगरी कुरुक्षेत्र में उनके प्रिय वाद्य बांसुरी का प्रचार प्रसार होगा । उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके विद्यालय के विद्यार्थी निष्ठापूर्वक कार्यशाला में भाग लेंगे व बांसुरी विद्या को सीखेंगे । उपस्थित प्रतिभागियों जागृति, कनिष्का, खुशबू, नैंसी, परमीत, वंशिका, वसुधा, आकाश, जहान्वी, तेजस सैनी व राधिका ने आश्वस्त किया।

## गांव के तलाब पर नाजायज तरीके से कब्जा करने के आरोप में बीडीपीओ को दी शिकायत

**गन्नौरः गन्नौर** गांव गढ़ी कला के तालाब में न जाए तरीके से कब्जा कर निर्माण करने के आरोप में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को शिकायत देते हुए गांव के युवक ने कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में गांव के युवक जिंदाहसन ने बताया कि गांव की आबादी के साथ लगता हुआ पंचायती तालाब है। जिसमें गांव का गंदा पानी इकट्ठा होता है। तालाब में पशुओं को पानी पिलाने के लिए घाट भी बना हुआ है। शिकायत में आरोप है कि गांव के कुछ प्रभावशाली व्यक्ति तलाब पर कब्जा करके गलत तरीके से अपना मकान बना रहे हैं और उन्होंने घाट को भी बंद कर दिया है । आरोप है कि कब्जा धारियों ने तलाब के घाट में लगी ईट को भी अपने मकान में लगा लिया है।

## निशांत का सुपर 100 में चयन होने पर स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को प्राचार्य निर्मल धनेरवाल व सभी स्टाफ सदस्यों के द्वारा दसवीं कक्षा के छात्र निशांत का सुपर 100 में चयन होने पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया, और छात्र निशांत को इस उपलब्धि पर सभी स्टाफ सदस्यों ने बधाई के साथ-साथ सम्मानित भी किया। सरकार के सुपर 100 के बारे में छात्रों को प्राचार्य मैडम निर्मल धनेरवाल और राजनीतिक प्रवक्ता धनराम के द्वारा किस प्रकार सुपर 100 में विद्यार्थी चयनित हो सकते हैं इस पर विस्तार से सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुपर 100 सरकार का एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सभी सरकारी विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र जिनके अभिभावक कोचिंग की ज्यादा फीस की वजह से अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाने में सफल नहीं हो पाते। ऐसे छात्रों के लिए सरकार का सुपर 100 कार्यक्रम सुनहरा अवसर साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र निशांत की सफलता में विद्यालय प्राचार्य और छात्र की कक्षा इंचार्ज भौतिक प्रवक्ता नीतू का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर छात्र निशांत के अभिभावक, सभी स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# महिला पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन कर सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

## सांसद बृजभूषण शरण व हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की गिरफ्तारी की करी मांग




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** करीब 15 संगठनों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठी महिला पहलवानों के समर्थन में एवं सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को रोष प्रदर्शन किया और सांसद का पुतला फूंका गया। उसके उपरांत सभी संगठनों के सदस्यों ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं इससे पहले सीटू जिला कार्यालय में सभी संगठनों ने सभा का आयोजन किया। वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए लाल बत्ती चौक व बस अड्डा के पास से होकर जिला सचिवालय के सामने पहुंचे और पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन को सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, एसकेएम जिला तालमेल कमेटी के संयोजक जयकरण कादयान, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ सुरेंद्र मलिक, भारतीय किसान यूनियन के पूर्व उप प्रधान बिंटू मलिक, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला प्रधान बलवान सिंह, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान संतरो देवी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रेस सचिव प्रमोद कुमार, राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन के राज्य महासचिव राजेश, नरेश कुमार भीम आर्मी, पानीपत नागरिक मंच के संयोजक राम मोहन राय एडवोकेट, जनकल्याण सोसायटी हरियाणा के राज्य अध्यक्ष सरदार सतपाल सिंह चौहान, छोटूराम भारतीय किसान यूनियन इसराना के प्रधान मनोज कुमार, विज्ञान आंदोलन के सामाजिक कार्यकर्ता वेदपाल आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि देश का नाम विश्व में रोशन करने वाली हमारी बेटियां न्याय को लेकर धरने पर बैठी हुई है और मोदी सरकार आरोपी सांसद को बचाने पर लगी हुई है। आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज कर ली गई पर उसको अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

## मॉरीशस के राष्ट्रपति ने तमिलनाडु का दौरा किया, तिरुनेलवेली में डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल, भारत में नेत्र अस्पतालों की एक अग्रणी चेन, ने तिरुनेलवेली में एक अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल शुरू किया है, जो शहर में इसका दूसरा अस्पताल है। अत्याधुनिक तकनीकों से लैस नए अस्पताल का उद्देश्य जनता को उन्नत नेत्र उपचार उपलब्ध कराना और क्षेत्र में असाधारण नेत्र देखभाल सेवाओं के प्रमुख प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। इस समारोह में डॉ. अग्रवाल्स ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. अमर अग्रवाल और डॉ अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल, तिरुनेलवेली के रीजनल हेड - क्लिनिकल सर्विसेज के प्रो. डॉ. डी. लियोनल राज की उपस्थिति में मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम श्री पृथ्वीराजसिंह रूपन जी.सी.एस.के सम्मानित अतिथि रहे थे। वरिष्ठ सलाहकार, प्रबंधन टीम के सदस्य और डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने भी भाग लिया था। साउथ बाय पास रोड, वन्नारपेट्टई, तिरुनेलवेली में स्थित नया अस्पताल 65,000 वर्ग फुट के बिल्ट-अप स्पेस में फैला है। इसका संचालन लगभग 20 डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा, इसके अलावा प्रत्येक 50 स्टाफ सदस्यों की एक पैरामेडिकल और गैर-पैरामेडिकल टीम भी होगी।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 'लेट्स बिल्ड ए हाउस' पहल के लिए हैबिटैट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया के साथ सहयोग किया

**गाजियाबाद।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, भारत की अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी, ने हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया को समर्थन दिया है। एलजी के सहयोग से आवास गैर-लाभकारी संगठन मोदी नगर, भोजपुर ब्लॉक, गाजियाबाद में मकान बनाएंगे। "लेट्स बिल्ड ए हाउस" पहल का उद्देश्य उन वंचित परिवारों के लिए सुरक्षित रहने की स्थिति बनाना है, जो वर्तमान में निम्न स्तरीय आवास स्थितियों में रह रहे हैं। एक शानदार समारोह 18 मई 2023 को संजय चितकारा, सेल्स हेड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, नरेंद्र गंभीर- रीजनल बिजनेस हेड- यूपी (वेस्ट) और उत्तराखंड की उपस्थिति में हुआ। अपनी निरंतर कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता के तहत, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया के साथ मिलकर हाशिये पर रहने वाले व्यक्तियों और परिवारों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का काम किया है।

## 'भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार कर गया निगम'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत नगर** निगम भ्रष्टाचार की सभी सीमाओं को पार कर चुका है जहां पार्षद खुद खड़े होकर सड़क के बिना बने ठेकेदार को पेमेंट करने की बात करते हैं और इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है यह बात जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 3 के पार्षद अंजली शर्मा द्वारा रामनगर तहसील कैंप की सड़क को बिना बनाए ही ठेकेदार द्वारा 80 लाख की पेमेंट हड़प करने का आरोप लगाया यह इस बात का प्रमाण है कि नगर निगम में इस प्रकार के बहुत से घोटाले हुए होंगे उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 3 के कार्य की वार्ड नंबर 4 के पार्षद द्वारा सहमति पत्र देना वह बिना मिलीभगत के संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में केवल ठेकेदार ही नहीं बल्कि अधिकारियों की भी खुले रुप से संलिप्तता है क्योंकि बिना बिल और एम बी के पेमेंट हो ही नहीं सकती अब इसकी जांच करवाना भी जरूरी है कि उस क्षेत्र का कौन कनिष्ठ अभियंता ,म्यूनिसिपल इंजीनियर,कार्यकारी अभियंता और अधीक्षक अभियंता था जिन की मिलीभगत से इतने बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि शहर के अधिकतर हिस्सों में कमीशन के खेल के चलते अच्छी अच्छी सड़कों को उखाड़ कर नई सड़के बनाई जा रही हैं और जनता के करोड़ों रुपए को मिट्टी में मिलाने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से वार्ड नंबर 16 के पार्षद अतर सिंह रावत द्वारा सड़क निर्माण में धांधली के खुले रूप से आरोप लगाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई जांच ना होना बड़े अधिकारियों और ठेकेदारों की खुली सांठगांठ को दर्शाता है उन्होंने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि शहर के सभी ईमानदार नेता इतने बड़े घोटालों के प्रति आंख बंद करके बैठे हैं इनके ऊपर किसी प्रकार की कोई भी जांच तक नहीं हो पा रही अगर कोई जांच होती है तो कुछ निगम के पार्षदों को बैठा कर जांच कमेटी बना दी जाती है।

# रिश्वत मांगने के आरोप की शिकायत पर तहसील का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**बृहस्पतिवार** को विधायक निर्मल चौधरी ने तहसील में रजिस्ट्री करने में 200 रुपए प्रति गज के हिसाब से रिश्वत लेने के मामले में लोगों की शिकायत पर वीरवार को गन्नौर तहसील का निरीक्षण किया। विधायक के तहसील में आने की सूचना के बाद गन्नौर एसडीएम डॉ अनुपमा मलिक भी पहुंच गई । निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्नौर तहसील में पिछले दिनों हुई रजिस्ट्रियों को मंगवाकर उनकी जांच करवाई। एसडीएम की मौजूदगी में जांच के दौरान पाया गया कि 15 मई को हुई अधिकतर रजिस्ट्रियां गलत तरीके से की अनाधिकृत क्षेत्र में एनओसी लिए रजिस्ट्रयां की हुई मिली। तहसील में लगभग 77 रजिस्ट्रियां हुई। इनमें से अधिकतर रजिस्ट्रियां बिना एनओसी लिए थी । विधायक ने नायब तहसीलदार शिवराज से जवाबतलब किया तो वह निवर्तमान तहसीलदार तो कभी स्टाफ पर इन रजिस्ट्रियों को करने का आरोप लगाते नजर आए। रजिस्ट्री पर नायब तहसीलदार द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। बाद में सामने आया कि 15 मई को सभी रजिस्ट्रियां नायब तहसीलदार की आईडी के माध्यम से हुई थी। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण त्यागी, निगरानी कमेटी के चेयरमैन भूषण हसीजा ने आरोप लगाते हुए विधायक को बताया कि तहसील में रजिस्ट्री के नाम पर खुलेआम रिश्वत मांगी जा रही है। अनाधिकृत कालोनी में 200 रुपए प्रति गज के हिसाब से रिश्वत ली जाती है, जबकि अधिकृत कालोनी में भी 1 से 2 प्रतिशत की वसूली की जा रही है। विधायक ने मामले को लेकर कहां की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है। आरोप स्पष्ट साबित हो सके इसके लिए विधायक ने मुख्यमंत्री से गन्नौर तहसील में हुई रजिस्ट्रीओ की विजिलेंस जांच कराने की मांग की विधायक ने कहा कि गन्नौर तहसीलदार पर लोगों से की जा रही लूट को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार मनोज कुमार भी मौजूद थे।

**नायब तहसीलदार की आईडी से 15 मई को हुई 77 रजिस्ट्रियां**

विधायक द्वारा रजिस्ट्रियों की जांच करवाने पर सामने आया कि 15 मई को गन्नौर तहसील में 665 नंबर से लेकर 741 नंबर तक लगभग 77 रजिस्ट्रियां हुई। इनमें से अधिकतर रजिस्ट्रियां बिना एनओसी लिए की गई। नायब तहसीलदार शिवराज ने अपने जवाब में बताया कि तत्कालीन तहसीलदार ने यह सभी रजिस्ट्रियां की है। जबकि ट्रांसफर होने की वजह से 15 मई को तहसीलदार रविंद्र हुड्डा ने अपना चार्ज छोड़ दिया था और उनके स्थान पर नए तहसीलदार मनोज कुमार ने अपना चार्ज संभाल लिया था। बाद में यह भी पता चला कि इस दिन सभी रजिस्ट्रियां नायब तहसीलदार की आईडी से हुई थी।

## आयुर्वेद पर केंद्रीत सौंदर्य उत्पादों के लिए आयुथवेदा को बेस्ट डीटूसी अवार्ड




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आयुर्वेद से** बने सौंदर्य उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के अनोखे नवाचार के लिए पहली बार किसी भारतीय कंपनी एमिल आयुथवेदा को बेस्ट डीटूसी अवार्ड प्रदान किया गया है। इस श्रेणी में अवार्ड पाने के लिए अनेक देशी-विदेशी कंपनियां कतार में थी। बेंगलुरू में इंडियन रिटेलर द्वारा आयोजित इनोवेशन समिट में बुधवार देर रात एमिल आयुथवेदा के संस्थापक डा. संचित शर्मा को बेस्ट डीटूसी ब्रांड आफ द ईयर-ओमनिचैनल स्ट्रेट्रेजी अवार्ड प्रदान किया गया। कुछ समय पूर्व ही एमिल आयुथवेदा की शुरूआत हुई थी जिसका श्रेय संचित शर्मा को जाता है। आयुथवेदा के उत्पाद जैसे चारकोल और गोल्ड फेसवास, एलोवेरा जैल आदि आयुर्वेद पर आधारित हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सौंदर्य उत्पादों की डीटूसी श्रंखला को ग्राहकों ने हाथोंहाथ लिया है। यह उत्पाद न सिर्फ सौंदर्य बढ़ाते हैं बल्कि त्वचा, बालों की सेहत में भी सुधार करती हैं तथा संक्रमणों से भी बचाव करते हैं।

# संपादकीय

## डबल इंजन सरकार के मायने

**कर्नाटक** विधानसभा के चुनावों में जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी ने136 सीटें जीतकर एकतरफा विजय प्राप्त की, वहीं भाजपा 65 सीटों पर ही सिमट कर रह गई. इसको लेकर सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही नहीं बल्कि पूरे विपक्ष में एक उल्लास का माहौल है. ऐसा लगता है कि कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने और वहां कांग्रेस पार्टी को सत्ता मिल जाने से भविष्य में पूरे देश में विपक्ष का परचम लहराएगा. मध्य प्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ़ तेलंगाना एवं मिजोरम के आने वाले विधानसभा चुनाव में क्या होगा,यह तो भविष्य ही बता सकता है.लेकिन जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का प्रश्न है,वहां के लिए तो विपक्ष की सत्ता मिलना एक दिवास्वप्न ही कहलाएगा.बड़ी बात यह है कि जब पूरे देश में प्रो इनकंबेंसी का फैक्टर प्रभावीहैतो कर्नाटक में ऐसा क्यों? जबकि भाजपा का कहना है, कांग्रेश एक परिवारवादी पार्टी है, भ्रष्टाचार की पक्षधर पार्टी है,कुशासन की पर्यायहैतो फिर गौर करने का विषय है कि भाजपा के विरुद्ध जनादेश क्यों? भाजपा का नारा रहता है कि उसकी केंद्र में सरकार है, इसलिए प्रदेश में भी यदि भाजपा की सरकार बनेगी तो डबल इंजन की सरकारप्रदेश और जनता के हित में ज्यादा बेहतर तरीके से काम कर सकती है. लेकिन जैसा कि एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है यदि एक इंजन तो बहुत ठीक है लेकिन दूसरे इंजन से धुआं निकल रहा है तो फिर डबल इंजन की सरकार की प्रासंगिकता संदिग्ध हो जाती है.कर्नाटक में भी कुछ ऐसा ही हुआ. केंद्र में बैठी मोदी सरकार को लेकर जहां देश के जनमानस में सकारात्मकता का माहौल है वही प्रदेशों की कुछ भाजपा सरकारों को लेकर नकारात्मकता का माहौलहै. कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की बोम्मई सरकार को 40% कमीशन वाली सरकार कहकर प्रचारित किया. इसमें अतिशयोक्ति भले रही हो लेकिन इसमें कहीं न कहीं सच्चाई तो जरूर थी. तभी तो यह नारा मतदाताओं के ऊपर चिपक गया.. निश्चित रूप से कर्नाटक में भाजपा की पराजय का सबसे बड़ा कारण यह था, जैसे भाजपा से सुशासन की अपेक्षा थी,, वह नहीं दे पाई.. भाजपा की पराजय के दूसरे भी कारण थे, जैसे मुस्लिम मतदाताओका कांग्रेस के पक्ष में पूरी तरह दूर ध्रुवीकृत हो जाना. कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक के मतदाताओं से किएगए वह वायदे जिनमें हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त, परिवार की प्रत्येक मुखिया महिला को ?2000 प्रतिमाह,बेरोजगारों को प्रतिमाह ?3000 भत्ता.,महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा इत्यादि थे. कांग्रेस पार्टी ने यह सब उसी तर्ज पर किया जैसे केजरीवाल ने दिल्ली में किया था. अब इन वायदों को कांग्रेस पार्टी की सरकार कैसे पूरा कर पाती है? यदि वायदे पूरा कर भी पाती है तू इससे बुनियादी विकास के मामले कैसे प्रभावित होंगे? इसमें कोई किंतु परंतु नहीं है. जैसा कि कांग्रेश जन प्रचारित कर रहे हैं इस विजय में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का योगदान है वह पूरी तरह बेबुनियाद है. यदि ऐसा होता तो गुजरात जैसे दूसरे राज्यों में जो चुनाव हुए वहां पर राहुल गांधी की यात्रा का असर क्यों नहीं पड़ा? यदि किसी व्यक्ति विशेष के चलते यह चुनाव प्रभावित हुआ तो यह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के चलते हुआ, जिससे अनुसूचित जाति के 1 वर्ग के मतदाताओं का वोट कांग्रेस के पक्ष में चला गया.लेकिन बड़ी बात यह है की उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां नगरीयचुनावों में डबल इंजन से और आगे चलकर ट्रिपल इंजन की सरकार का नारा चल गया और उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जहां 17 के 17 मेयर पद के चुनाव जीत लिए वहीं अधिकांश नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी वह विजयीरही. इतना ही नहीं भाजपा की सहयोगीपार्टी अपना दल ने प्रदेश के दोनों उपचुनावों में अपना परचम फहराया. बड़ी बात यह है कि मुस्लिम बहुल सीट स्वार में जो आजम खान के बेटे की परंपरागत सीट थी।

# ड्रोन से छद्म युद्ध का बढ़ता खतरा

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

> "ड्रोन हमले अक्सर कानूनी और नैतिक दुविधाएं पैदा करते हैं . उनकी मारक क्षमता उसे चलाने वाले के कौशल पर निर्भर रहती है। ये उम्मीद कि हथियारों को सीमित करने के समझौतों से उनके इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सकेगी, अब तक बेमानी साबित हुई है। अमेरिका अपनी टेक्नोलॉजी को अपने बेहद करीबी सहयोगियों के अलावा किसी अन्य देश को देने का अनिच्छुक रहा है, जबकि अन्य देश ऐसा भेदभाव नहीं करते हैं। निस्संदेह यूएवी जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे रोक पाना मुश्किल लगता है। 100 से अधिक देश और बगैर देश वाले समूहों के पास ड्रोन मौजूद हैं . इनमें से कइयों के पास तो सशस्त्र ड्रोन मौजूद हैं। कोई देश या समूह जो लड़ाकू जेट खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते वे ड्रोन खरीद सकते हैं"

**लड़ाई** के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन कभी सैन्य महाशक्तियों के पास ही हुआ करते थे, लेकिन अब ये विद्रोहियों, छोटे मुल्कों के पास भी मौजूद हैं और युद्ध के तरीके को बदल रहे हैं। जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चैकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है। निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से



घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। माना जाता है कि ये रीपर ड्रोन ही थे जिसने ईरान के जनरल कासिम सुलेमानी को जनवरी 2020 में बगदाद एयरपोर्ट के बाहर निशाना बनाया था। लेकिन बहुत थोड़े समय के लिए ही (केवल) अमेरिका या इसराइल (अपनी ड्रोन इंडस्ट्री की बदौलत) इस टेक्नोलॉजी पर राज कर सके। ये युद्धक ड्रोन का पहला युग माना जा सकता है। तब से अब तक परिस्थियों में बहुत तेजी से बदलाव देखा गया है। युद्धक ड्रोन कई नए खिलाड़ियों (देशों) के मैदान में आने से एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं. यूएवी का इस्तेमाल आतंकवाद, आतंकवाद निरोधी युद्ध से आगे बढ़ते हुए अब पूरी तरह से पारंपरिक युद्ध में बदल गया है। वास्तव में, ड्रोन अपने तीसरे युग के मुहाने पर खड़ा है जहां तकनीक बेहद जटिल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ा है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। फरवरी 2020 में सीरिया में ऑपरेशन स्प्रिंग शील्ड के दौरान और लीबिया में खलीफा हफ्तार की विद्रोही सेना के खिलाफ पहले भी तुर्की इस ड्रोन का इस्तेमाल कर चुका है। कई बार सशस्त्र ड्रोनों का निर्णायक असर देखा गया है। इसका लीबिया की मान्यता प्राप्त सरकार के बने रहने में योगदान रहा है तो पिछले साल इसने नागोनी-कराबाख के युद्ध में भी अहम किरदार निभाया। तुर्की से प्राप्त ड्रोन की वजह से अजरबैजान की सेना आर्मीनिया के विवादित क्षेत्र पर अपना नियंत्रण बनाने में सक्षम हुई। फरवरी 2020 में सीरिया में ऑपरेशन स्प्रिंग शील्ड के दौरान और लीबिया में खलीफा हफ्तार की विद्रोही सेना के खिलाफ पहले भी तुर्की इस ड्रोन का इस्तेमाल कर चुका है।

ड्रोन हमले अक्सर कानूनी और नैतिक दुविधाएं पैदा करते हैं. उनकी मारक क्षमता उसे चलाने वाले के कौशल पर निर्भर रहती है। ये उम्मीद कि हथियारों को सीमित करने के समझौतों से उनके इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सकेगी, अब तक बेमानी साबित हुई है। अमेरिका अपनी टेक्नोलॉजी को अपने बेहद करीबी सहयोगियों के अलावा किसी अन्य देश को देने का अनिच्छुक रहा है, जबकि अन्य देश ऐसा भेदभाव नहीं करते हैं। निस्संदेह यूएवी जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे रोक पाना मुश्किल लगता है। 100 से अधिक देश और बगैर देश वाले समूहों के पास ड्रोन मौजूद हैं. इनमें से कइयों के पास तो सशस्त्र ड्रोन मौजूद हैं। कोई देश या समूह जो लड़ाकू जेट खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते वे ड्रोन खरीद सकते हैं। गृहयुद्धों में या क्षेत्रीय संघर्षों में यूएवी का उपयोग भविष्य के युद्ध में ड्रोन की अहम भूमिका की महज एक झलक भर है। जब अमेरिका और उसके सहयोगी देश आतंकरोधी अभियानों में जुटे थे, रूस इसकी सीरिया में आजमाइश कर रहा था। रूस इसे बड़े युद्ध में कैसे इस्तेमाल करना है उसे ध्यान में रखते हुए इसने सीरिया को अपना टेस्टिंग ग्राउंड बना रखा था। आज इस्तेमाल किए जाने वाले अधिकतर ड्रोन पारंपरिक विमानों से कहीं छोटे होते हैं और उन्हें अलग तरह से हवाई सुरक्षा भी चाहिए होती है. वो बहुत धीमी गति से और कम ऊंचाई पर उड़ते हैं। इसका मतलब ये है कि कई सारे एयर डिफेंस सिस्टम में उन्हें मार गिराने का तरीका मौजूद नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं।

जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

# कविता

आज की कविता या कविता का
आज
शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं
रुकते नहीं,
नदिया भी निर्झरिणी की तरह बलखाती,
लहराती, खिलखिलाती बहती है,
रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है
समंदर में समूचा विलीन होने तक,
इसी तरह कविता भी पल्लवित पुष्पित होती
जाती है, खंडकाव्य होने तक,
पल प्रति पल की कविता. या कविता का प्रति
पल
भी इसी तरह होते हैं
मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी
ऊपर की जाती है
नीचे क्यों कर नहीं आती,
शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले जाते
लौटकर नहीं आते
जाते हैं,
कविता,दोहा,चौपाई,और छंद बनकर,
कविता का आज,
आज की कविता भी
इसी तरह की होती है,
ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर फिर
लौटकर कोई नहीं आती
कोई न कविता न सीढ़ियां,
बस चलती जाती है
बहती जाती है
मेरे विचारों की तरह।

संजीव
---------

## कर्नाटक चुनाव परिणाम का असर

**अशोक भाटिया**

कर्नाटक चुनाव परिणाम की कहानी का राजस्थान तक असर होने वाला हैं. जनता के जनादेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के लिए संदेश छिपे हैं. यही वजह है कि इस रिजल्ट की रोशनी में दोनों ही दल अपनी नई स्ट्रैटजी बनाने पर जोर दे रहे हैं. नई रणनीति में राज्य स्तर के उन बड़े नेताओं को मौका मिल सकता है, जो अभी हाशिए पर हैं. कर्नाटक के चुनावी नाटक से पर्दा उठने के बाद यह तो तय हो गया है कि विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय महत्व से जुड़े बड़े मुद्दों के साथ-साथ स्थानीय मुद्दों पर भी फोकस होगा. राजस्थान की तरह कर्नाटक कांग्रेस में भी डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर चुनाव से पहले ही शीतयुद्ध की स्थिति थी. पार्टी ने मार्च 2020 में डीके शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर आगे किया, लेकिन सिद्धारमैया को भी पूरी तवज्जो दी. मुख्यमंत्री की चाहत के बावजूद दोनों नेताओं ने एकजुटता के साथ चुनाव प्रचार किया।

कार्यकर्ताओं तक भी एकता का मैसेज गया। यह भी बड़ी वजह रही कि कांग्रेस ने कर्नाटक का किला जीत लिया। चूंकि अगला विधानसभा चुनाव राजस्थान में है। भाजपा बड़े बहुमत से राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए तमाम दांवपेंच लगा रही है। आगामी चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश दौरे बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 8 महीनों यानी 240 दिन में पीएम मोदी 5 बार राजस्थान जा चुके हैं । भाजपा के लिए राजस्थान में जीत दर्ज करना जरूरी हो जाता है क्योंकि ये जीत राज्यसभा में अच्छी संख्या हासिल करने में मदद करेगी। साथ ही ये जीत लोकसभा चुनावों में भी फायदेमंद साबित होगी। कर्नाटक में मिली हार के बाद भाजपा अपने चुनाव प्रचार अभियान में बदलाव कर सकती है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को चुनाव प्रचार में उतारने पर विचार कर सकती है। राजे वर्तमान में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अपने स्वयं के सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। राजस्थान में भाजपा के पास राजे के कद की कोई महिला नेता नहीं है। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में अपनी ताकत साबित की है। बताया जाता है कि भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि पार्टी के आंतरिक आकलन ने ये संकेत दिया है कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में मुश्किल से साधारण बहुमत हासिल कर पाएगी। फिलहाल भाजपा राज्य में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस के खिलाफ जीत के फॉर्मूले की तलाश कर रही है, सवाल ये भी है कि क्या भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी के संभावित दलबदलुओं पर अतिनिर्भरता का जोखिम उठा सकती है? रिपोर्ट्स के मुताबिक राजस्थान में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं सहित कई भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम कांग्रेस-युक्त भाजपा बन रहे हैं। भाजपा के अंदर ये सवाल भी उठने लगे हैं कि भाजपा सीटें खोने की कीमत पर पारंपरिक राजनीतिक परिवारों को चुनाव टिकट देने से कैसे इनकार करेगी।

# विचार

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता स्थान

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत जिस तरह से हर क्षेत्र में विकास के श्रेष्ठ झंडे पूरे जोर-शोर से के साथ गाड़ कर आगे बढ़ रहा है, जिसकी जानकारी रोज मीडिया, पीआईबी व शासकीय प्रेस रिलीज मंत्रियों के बयानों,संबोधन से प्राप्त होती है। दिनांक 17 मई 2023 को भारत मोबाइल निर्यात में दूसरे नंबर पर पहुंच चुकाहै तो भारत यूरोपीय संघव्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) बैठक के बाद बताया गया भारत यूरोपीय संघ एफटीए बात अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। बता दें अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हैं और अनेकों के साथ प्रोसेस शुरू है तो फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रमुख भूमिका है ऐसे अनेक क्षेत्रों में भारत का वर्चस्व बढ़ते जा रहा है। यही कारण है कि भारत के अब वैश्विक अर्थव्यस्था में तीन नंबर तक पहुंचने में कुछ ही कदम दूरी पर है तथा शीघ्र ही नंबर वन तक पहुंचने के प्रयासों में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसपर मोहर आज 17 मई 2023 को देर शाम जारी संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक रिपोर्ट 2023 ने भी मुहर लगाई जिसकी चर्चा हम नीचे के पैरा में करेंगे। बता दें इसके पहले 22 अप्रैल 2023 को विश्व बैंक द्वारा जारी लॉजिस्टिक इंडेक्स में दबदबा, वैक्सीन का सराहनीय डोज विस्तार व उपचार सहित अनेक उपलब्धियों की बारिश होना जारी है। चूंकि 17 मई 2023 को जारी संयुक्त राष्ट्र की मिड ईयर अपडेट रिपोर्ट जारी में भारत का तेजी से विस्तार करने वाली अर्थव्यवस्था और चमकता उज्जवल स्थान बताया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूएस मिड ईयर अपडेट आर्थिक रिपोर्ट 2023 में भारत की बल्ले-बल्ले पर मोहर लगी।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिनांक 17 मई 2023 को देर शाम जारी रिपोर्ट की करें तो, रिपोर्ट कहती है कि भारत, जो दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 2023 में 5.8 प्रतिशत और 2024 (कैलेंडर वर्ष आधार) में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भारत में महंगाई की दर घटकर 5.5 प्रतिशत पर आ जाएगी। वैश्विक स्तरपर जिंस कीमतों में कमी तथा मुद्रा के मूल्य में गिरावट की रफ्तार धीमी होने से आयातित मुद्रास्फीति कम होगी।रिपोर्ट कहती है कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी। हालांकि, अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए संभावनाएं अधिक चुनौतीपूर्ण हैं। प्रमुख रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में होगा। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी इकाई, आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग के प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में एक चमकता स्थान है।भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक एजेंसी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत स्थल बना हुआ है। भारत के लिए हमारा अनुमान जनवरी से जो था वह नहीं बदला है और हम कई सकारात्मक चीजें देखते हैं। इनमें महंगाई भी शामिल है जो काफी नीचे आई है।भारत की मुद्रास्फीति लगभग 5.5 प्रतिशत है जबकि दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय औसत 11 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि राजकोषीय विस्तार और मौद्रिक स्तर पर काफी गुंजाइश है जो घरेलू मांग को समर्थन देगा।हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाहरी जोखिम बना हुआ है। राशिद ने कहा, यदि बाहरी वित्त की स्थिति और खराब होती है, तो भारत को कुछ चुनौतियों से जूझना पड़ सकता है।रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के अब 2023 में 2.3 प्रतिशत (जनवरी पूवार्नुमान से 0.4 प्रतिशत अंक अधिक) और 2024 में 2.5 प्रतिशत (0.2 प्रतिशत अंक कम) की दर से बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 5.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था, जबकि विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) ने इसे 6.3 फीसदी और एशियाई विकास बैंक ने 6.4 फीसदी पर रहने का अनुमान लगाया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अपने सुहाग के लिए महिलाएं रखती है वट सावित्री व्रत

**संजय कुमार सुमन**

**हिन्दू** धर्म में प्रत्येक व्रत और त्योहार का अपना एक अलग ही महत्व होता है।ऐसे ही व्रत और त्योहारों में से एक है वट सावित्री का व्रत।यह हिंदू धर्म का खास पर्व माना जाता है।वट सावित्री पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अराधना की जाती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना में व्रत रखती हैं और बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं।

इस साल का वट सावित्री व्रत काफी खास है, क्योंकि इस दिन शनि जयंती भी पड़ रही है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन शनि देव का जन्म हुआ था। पंचांग के अनुसार, हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है और इस साल यह व्रत 19 मई, 2023 को है। यह व्रत महिलाएं अपने सुहाग की दीघार्यु के लिए रखती है और इस दिन स्नान, दान और पूजा का खास महत्व माना गया है। वट सावित्री के व्रत में महिलाओं को कुछ विशेष नियमों का पालन करना होता है। हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा का विधान होता है। इसकी पूजा की भी कई वजहें है।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो वट वृक्ष दीघार्यु और अमरत्व के बोध के नाते भी स्वीकार किया जाता है। माना जाता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु एवं डालियों में शिव शंकर का निवास होता है।इसके अलावा इस पेड़ में बहुत सारी शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है।यही वजह है कि इस वृक्ष की पूजा से सभी मनोकामनाएं बहुत ही जल्दी पूरी हो जाती है। अग्नि पुराण के अनुसार, बरगद उत्सर्जन को दशार्ता है।इसलिए, संतान प्राप्ति के लिए भी महिलाएं इस वृक्ष की पूजा करती हैं।माना जाता है कि वट वृक्ष की छांव में ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था। तभी से इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है। धार्मिक आस्थाओं के साथ ही ये वृक्ष पर्यावरण संरक्षण में भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बरगद के पेड़ और इसकी पत्तियों में कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की सबसे ज्यादा क्षमता होती है।

## झुट्ठाबाबा की गोद में नोस्कर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुछ** प्राणियों की माया विज्ञान, साहित्य, स्वास्थ्य, राजनीति, अर्थशास्त्र के क्षेत्र से लेकर अभिनय तक फैली हुई है। जहाँ देखो वहाँ इसी का गुणगान है। यही सब देखकर विद्वानों को दिए जाने वाले नोबल और अभिनेताओं को दिया जाने वाला ऑस्कर दोनों को मिलाकर नोस्कर सम्मान का ईजाद किया गया। अब सवाल यह था कि दुनिया का वह कौनसा प्राणी है जो शांति, साहित्य, भौतिकी, रसायन, चिकित्सा विज्ञान और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उतना ही स्थान रखता हो जितना की अभिनय में। चूंकि दुनिया भर में झुट्ठाबाबा ने इतना नाम कमाया है इसलिए नोबल पिता और ऑस्कर माता का जन्मा नोस्कर ह्यसम्मानह्ण उसी की झोली में जाना तय था। हुआ भी वही। झुट्ठाबाबा को नोस्कर से सम्मानित करने का फैसला किया गया। आखिर वह घड़ी आ ही गयी जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। झुट्ठाबाबा ने नोस्कर सम्मान ग्रहण किया। दुनिया भर के कैमरे खिचिक-खिचिक करते हुए बड़ी देर तक उसे छवियों के रूप में कैद कर रहे थे। वैसे भी उसे कैमरे में कैद करने के सिवाय कर भी क्या सकते हैं? डॉक्टर-वैज्ञानिक जब तक इसके एक वेरिएंट को पकड़ने की कोशिश करते तब तक महाशय अपने कई रूप बदल लेता। डॉन की तर्ज पर ग्यारह मुल्कों की पुलिस की जगह दुनिया भर के डॉक्टर-वैज्ञानिक उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, और साहब हैं कि किसी के हत्थे चढ़ना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। नोस्कर ग्रहण करने के बाद झुट्ठाबाबा से कुछ सवाल पूछे गए। पहला सवला था झ्र अथक कठोर परिश्रम करते हुए दुनिया भर में यात्रा करने का आपका अनुभव कैसा रहा? झुट्ठाबाबा ने कहा झ्र सबसे पहली बात तो मैं अपने काम को काम नहीं मानता। इसलिए मुझे न थकान होती है और न परिश्रम करने की आवश्यकता। मैं यह काम मजे के लिए करता हूँ। मुझे देश-विदेश जाने के लिए न पासपोर्ट की जरूरत है न वीजा की। हवाई जहाज, चॉपर, रेल, बस, ऑटो, रिक्शा, साइकिल सबमें यात्रा कर सकता हूँ। अलग-अलग अनुभवों का भी अपना मजा होता है। मैं चाहूँ तो अरबपति के घर में ऐशो-आराम प्राप्त कर सकता हूँ, ऊब जाऊँ तो झोपड़पट्टी में रूखा-सूखा खाने का भी मजा लेता हूँ।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी ऑटो** व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न वारदातों में चुराई गई सात मोटरसाइकिलें व एक एक्टिवा बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी महेन्द्र पुत्र सूरत वासी दादुपुर जिला बेगुसराय बिहार हाल किराएदार एकता कालोनी पानीपत को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित सेक्टर-16 करनाल से व आरोपी विकास कुमार पुत्र किरणपाल सिंह वासी खेडीमान सिंह जिला करनाल को चोरी की एक मोटरसाईकिल सहित काछवा रोड बाईपास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी महेन्द्र द्वारा जिला करनाल के थाना रामनगर, बुटाना व सिविल लाईन के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी कीचार वारदात व जिला पानीपत के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपी विकास द्वारा थाना सेक्टर 32-33, सिविल लाइन व इन्द्री के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी कीचार वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इसके बाद आरोपी महेन्द्र के कब्जे सेचार मोटरसाईकिलए, एक एक्टिवा व आरोपी विकास के कब्जे से तीन मोटसाईकिलें बरामद की गई। इस प्रकार दोनों आरोपियों के कब्जे से सात मोटरसाईकिलें व एक एक्टिवा बरामद की गई। दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक मोटरसाईकिल और बरामद की जानी बकाया है। आरोपियों को आईंदा पुलिस रिमाण्ड पर लेकर दोनों मोटरसाइकिलों को बरामद किया जाएगा। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी महेंद्र क पहले भी चोरी करने के मामले में जेल में रह चुका है और आरोपी विकास नशीला पदार्थ का नशा करने व बेचने के मामले में जेल में सजा काट चुका है। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# रेत खनन परियोजना को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पर्यावरण एवं** वन मंत्रालय नई दिल्ली अधिसूचना के अनुसार प्रस्तावित रेत खनन परियोजना ग्राम नबियाबाद जिला करनाल राज्य हरियाणा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नगराधीश अमन कुमार की अध्यक्षता में लोक सुनवाई की गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने रेत खनन परियोजना को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा ने नबीयाबाद रेत खनन परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के पट्टेधारक मैसर्ज दर्श मिनरल पाईवेट लि0 है। यह खनन पट्टा नदी तल (रेत खनन से) से संबंधित है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य नदी के किनारों को चौड़ा होने से रोकना तथा आसपास के क्षेत्र को बाढ़ और नुकसान से बचाना है। समाज के सबसे गरीब वर्ग के लिए आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाना, इस परियोजना से निर्माण सामग्री जैसे रेत पूर्ति में सुधार होगा, जिससे राज्य में बुनियादी जरूरतें,



परियोजनाओं जैसे सडकों, इमारतों, पुलों आदि के निर्माण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नदी के बहाव से लघु खनिजों (रेत) इत्यादि के खनन एवं संग्रह द्वारा नदी के मौजूदा मार्ग को बनाए रखना है। खनन प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे लाईन, जलाशय अथवा सडक से 50 मीटर की दूरी तक कोई खनन का कार्य नहीं किया जाएगा। नदी के सूखे क्षेत्र पर खनन किया जाएगा, सक्रिय जलधारा को प्रभावित नहीं किया जाएगा। भूमिगत जल स्तर से नीचे खनन की अनुमति नहीं होगी, वन क्षेत्र में खनन की अनुमति नहीं होगी, ठेकेदारों को खनन के समय खान अधिनियम 1952 और खान एवं खनिज अधिनियम 1957, वन संरक्षण अधिनियम 1980 का पालन करना

> ▶▶ खनन का प्रबंधन आसपास के स्थानीय लोगों के संपर्क में नियमित रूप से रहेगा ताकि उन द्वारा बनाई गई विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का नवीनीकरण किया जा सके

होगा। ठेकेदारों को खान अधिनियम 1952 के प्रावधानों, अंतर्राज्जीय प्रवासी कार्यबल अधिनियम का पालन करना होगा। ठेकेदार सक्षम अधिकारी की संतुष्टि के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार के श्रमिक कानूनों के अनुसार पेजयल, आश्रय, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, कल्याण सुविधाएं इत्यादि उपलब्ध करवाएंगे पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि धूल को उडने से बचाने के उपाय किए जाएंगे जैसे सडकों पर पानी का छिडकाव किया जाएगा, ध्यान रखा जाएगा कि तिरपाल से ढककर रेत का परिवहन हो ताकि रेत को उडने या गिरने से रोका जा सके, वाहनों की ओवरलोडिंग नहीं की जाएगी, पट्टे की अवधि के दौरान खनन कार्य शीर्ष सतह से 3 मीटर की गहराई तक किया जाएगा। ग्राम क्षेत्र में ध्वनि यंत्र का न्यूनतम उपयोग किया जाएगा, पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण किया जाएगा। पुराने और खराब हो चुके ट्रैक्टरों का उपयोग नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारी ने पर्यावरण नियंत्रण योजना के बारे में बताया कि आसपास के तालाबों, कुओं और बोरवैल में पानी के स्तर का मापन किया जाएगा, नदी के किनारे का अपर्दन रोकने के लिए नियमित जांच की जाएगा, किसी भी असामान्य स्थिति में उचित कार्यवाही की जाएगी। खनन क्षेत्र स्थिर और गतिशील स्त्रोतों और आसपास के गांवों में शोर के स्तर की जांच साल की हर तिमाही में की जाएगी।

खनन का प्रबंधन आसपास के स्थानीय लोगों के संपर्क में नियमित रूप से रहेगा ताकि उन द्वारा बनाई गई विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का नवीनीकरण किया जा सके तथा किसी भी प्रकार की तत्काल आवश्यकता पर विचार किया जा सके और जिस पर निकट भविष्य में कार्यवाही भी की जा सके।

## रेडक्रॉस सोसायटी के प्रांगण में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला रेडक्रॉस** सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि वीरवार को जिला रेडक्रॉस के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने किया तथा युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। रक्तदान शिविर में 35 युवाओं ने पंजीकरण कर समाज की भलाई का काम किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस कार्यालय से राजपाल चौधरी ने भी 30 वीं बार रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

## ब्रिगेडियर ने किया फ्लाइंग सिम्युलेटर का उद्घाटन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नंबर-2 हरियाणा** एनसीसी एयर स्क्वाड्रन करनाल में एसडब्लयू-80 (गरुड़) फ्लाइंग सिम्युलेटर स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन ब्रिगेडियर एसके वैद, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अंबाला द्वारा किया गया। यह हरियाणा के 6 जिलों के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के एनसीसी एयर विंग कैडेटों को प्रशिक्षित करने के लिए स्थापित किया गया है।
ब्रिगेडियर वैद ने बताया कि यह एक ऐसा उपकरण है, जिससे एनसीसी एयर विंग कैडेटों को फ्लाइट उड़ाने जैसा अनुभव प्राप्त होगा और इससे उड़ान संबंधी कई तरह की जानकारियां भी मिलेंगी। इस अवसर पर ग्रुप कैप्टन डीजी नायर, कमांडिंग



ऑफिसर नंबर 2 हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी करनाल ने कैडेट्स को बधाई भी दी। ग्रुप कैप्टन नायर ने कहा कि सिम्युलेटर कैडेट्स को एक साथ कई तरह के अनुभव प्रदान करेगा। कैडेट्स यह जान पाएंगे कि आपात स्थिति में लैंडिंग कैसे की जाती है या मौसम की स्थिति बदलने पर जहाज कैसे प्रतिक्रिया करता है और ऐसी स्थिति में लोगों की जान की सुरक्षा या इमरजेंसी लैंडिंग कैसे की जाती है।

ब्रिगेडियर वैद को इस साल अक्टूबर 2023 के महीने में बैंगलुरु में होने वाले अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर में भाग लेने वाले कैडेटों से मिलवाया गया और उन्हें दिए जा रहे एयरो मॉडलिंग प्रशिक्षण की प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान ब्रिगेडियर वैद ने एनसीसी कैडेट्स से बातचीत भी की। ब्रिग्रेडियर वैद और ग्रुप कमांडर ने एयरो मॉडलिंग टीम के कैडेट्स निधि, चेतना, सौरभ, गोविंद, ओमकार, विजय बाजवा और भव्या द्वारा बनाए गए कंट्रोल लाइन, स्टेटिक और रेडियो कंट्रोल एयरो मॉडल्स को भी देखा और कैडेट्स की खुले दिल से प्रसंशा करते हुए उन्हें लगातार मेहनत करते रहने की सीख दी।

## सवा लाख सूर्य नमस्कार का अभियान बरसात के बावजूद भी जारी रहा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत सवा लाख सूर्य नमस्कार का अभियान बरसात के बावजूद भी जारी रहा और योग साधक बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच में योग करने पहुंचे। कल्पना चावला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कक्षा में प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि बरसात में भी मिशन की सभी कक्षाएं पूर्ववत जारी रही। सडकों और पार्क में पानी भरा होने के बावजूद साधक कक्षा में पहुँचे। बीच-बीच में बरसात के कारण योग साधना में



व्यवधान हुआ, परंतु योग साधकों ने योग जारी रखा।
दिनेश गुलाटी का कहना है कि यह मिशन हर व्यक्ति को योग द्वारा स्वस्थ रखने का मिशन है और आगे भी हमेशा जारी रहेगा उन्होंने कक्षा में यॉगिंग जोगिंग, आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिसमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम एवं भ्रमरी प्रमुख रहे।

**पानीपतः कृषि तथा किसान** कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान धान बिजाई की आधुनिक तकनीक डीएसआर से धान की सीधी बिजाई करें। इससे पर्यावरण संरक्षण होता है व पैदावार भी अच्छी होती है। इस तकनीक के बारे में किसानों को जागरूक करने को लेकर विभाग के कर्मचारियों ने बापौली खंड के गांव धनसौली में प्रदर्शन कर किसानों को उसके महत्त्व व डीएसआर क्या है के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि इस धान की इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से धान के पौधे की बिना नर्सरी तैयार किए उसके बीज को खेत में लगाया जाता है।

## 'युवाओं को हमारे महापुरुषों को जरुर पढ़ना चाहिए'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हिंदू जारण मंच के प्रांत संगठक मंत्री दीपक, विशिष्ट अतिथि मानव सेवा चैरिटेबल सोसायटी अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान, जबकि डेंटल सर्जन डॉ.नरेंद्र सिंह ने विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने की। मंच संचालन अक्षिति ने किया, जबकि डॉ. सोनिया सिंह और डॉ. अजय कुमार कार्यक्रम के संयोजक रहे। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पअर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू जारण मंच के प्रांत संगठक मंत्री दीपक ने कहा कि हमें वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के विचारों, नीतियों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अपना गौरव, मान मयार्दा और आत्म सम्मान के आगे जीवन की भी कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके, इसके एवज में वह परिवार संग जंगलों में भटके। उनके शौर्य और वीरता की कहानी इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। एमएचयू के कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने कहा कि देश के युवाओं को हमारे महापुरुषों को जरुर पढना चाहिए, तथ्यों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य का गौरव व आत्म सम्मान उसकी सबसे बड़ी कमाई होती है,इसलिए इनकी सदैव रक्षा करनी चाहिए। महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि अपने व अपने परिवार के साथ जो अपने राष्ट्र के बारे में भी सोचते हैं, वही सच्चे नागरिक होते हैं। जो अत्यंत विकट परिस्थिति में भी हार नहीं मानते, वह हारकर भी जीत जाते हैं।

## हरि ओम नमः शिवाय का किया गया सामूहिक जाप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सनातन धर्म मंदिर** रामनगर में हरि ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। सबसे पहले भोले को फूलों से सजाया गया, फिर चंदन के लेप से तिलक लगाकर श्रृंगार किया गया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई।



श्रद्धालु वीर बजरंगी को भी रिझाते हैं। संगीतमयी धुनों पर जब हरिओम नमः शिवाय का जाप किया गया तो श्रद्धालु खुद को मस्त होने से रोक नहीं पाए और भोले की भक्ति में गोते लगाने लगे। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि पिछले कई वर्षो से जाप परिवार रात्रि में शिव भोले के मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करता आ रहा है। देर रात्रि होने वाले इस मंत्र जाप में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते है और अपनी मनोकामनाएं पूरी करते है। तत्पश्चात भोले के भजनों का दौर शुरू होता है, जो कि एक घंटे के अंतराल में भक्ति और शक्ति के साथ सम्पन्न होता है। मंत्र जाप के बाद जय-जयकार करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसी तरह अब आगे सावन माह की तैयारियां शुरू हो गई हैं और जुलाई से लगातार कार्यक्रम की श्रृंखला चलेगी।

## हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम : गांव मीमारपुर में जनसभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**हाथ से** हाथ जोड़ों कार्यक्रम के तहत वीरवार को क्षेत्र के गांव मीमारपुर में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भाजपा की वादाखिलाफी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का ग्रामीणों से आह्वान किया।
कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम से लगातार जनता का मोह कांग्रेस के प्रति बढ़ता जा रहा है। लोगों में कांग्रेस के प्रति उत्साह बढ़ा है और उस उत्साह को दोगुना किया जाए तो हरियाणा में भी कर्नाटक की तरह कांग्रेस के पक्ष में परिणाम होंगे। बस लोगों को संगठन को मजबूत करने के लिए लोगों तक पहुंचना होगा और कांग्रेस के विचारधारा के प्रति उन्हें जोड ?ा होगा।
शाहदिन सरपंच, सुमित पंच, सोनू ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस आदि ने कार्यकताओं ने भी संबोधन किया। लख्मी सैनी, पवन सैनी, श्रीभगवान, चरण सिंह, कवरभान, नरेश सैनी, राजेन्द्र सैनी, भीम सैनी, सुमित, रविन्द्र, धर्मबीर, जाहिद व सुनील आदि मौजूद थे।

## तीन अवैध कॉलोनियों में कच्ची सडकों और डीपीसी निर्माण को किया गया ध्वस्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला नगर** योजनाकार की उपस्थिति में गुरूवार को घरौंडा में 3 अवैध कालॉनियों में तोडफोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान एक जेसीबी और पुलिसबल की सहायता से करीब 6 एकड़ में बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों की कच्ची सडकों और डीपीसी निर्माण को ध्वस्त कर दिया। तोडफोड़ कार्रवाई की जानकारी देते डीटीपी ओम प्रकाश ने बताया कि उनके कार्यालय को घरौंडा में कथित लोगों द्वारा अवैध कॉलोनियां बनाए जाने की सूचना मिली थी। कार्यालय ने इस पर संज्ञान लिया और मौका देखा। इसके बाद कॉलोनी काटने वाले लोगों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। परिणामस्वरूप दो कॉलोनियों की ओर से कोई रिस्पोंस



नहीं मिला, जबकि एक कॉलोनी काटने वाले व्यक्ति ने जो जवाब दिया, वह भी संतोषजनक नहीं था। इसे देखते उक्त कॉलोनियों में तोडफोड़ की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त करनाल अनीश यादव की ओर से घरौंडा स्थित पंचायती राज विभाग के एसडीओ पोषण को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया था, उन्हीं की देखरेख में तोडफोड़ की कार्रवाई की गई।
ये थी अवैध कॉलोनियांः डीटीपी ने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी कस्बा घरौंडा के अराईपुरा रोड पर बनाई जा रही थी, जिसका एरिया करीब 2 एकड़ में था। इस कॉलोनी में कच्ची सडकें और डीपीसी का निर्माण किया गया था, जिसे जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। इसी प्रकार दूसरी कॉलोनी घरौंडा के अलीपुर खालसा में खोतपुरा रोड पर बनाई जा रही थी। इसका एरिया भी करीब 2 एकड़ था। इस कॉलोनी में भी सभी कच्चे सडकें और डीपीसी को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि तीसरी अवैध कॉलोनी घरौंडा में नेशनल हाईवे के पास तैयार की जा रही थी। करीब पौने 2 एकड़ एरिया की इस कॉलोनी में कच्ची सडकें बनाई गई थी, जिन्हें तहस-नहस कर दिया गया। बता दें कि तोडफोड़ की कार्रवाई करीब 3 घंटे चली और किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया।
घरौंडा थाना के एसएचओ पुलिस बल के साथ कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था संभाले रहे। पूरी कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार ओप प्रकाश मौके पर ही उपस्थित रहे।

# नरेला मंडी में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर डॉ. शैली ओबराय, उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल, विधायक शरद चौहान, वार्ड 1 नरेला से पार्षद श्वेता कमल खत्री, वार्ड बांकनेर से पार्षद दिनेश भारद्वाज ,होलंबी वार्ड से पार्षद नेहा मिश्रा का पगड़ी पहनाकर, प्रतीक चिन्ह पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर डॉ. शैली ओबराय ने कहा कि नरेला मंडी के व्यापारियों ने मंडी लीज पूरी होने के बाद मंडी के प्लाटों को फ्रीहोल्ड कराने का निवेदन किया है, ऐसे में निगम एक्ट के अनुसार जो भी कानून सम्मत कार्रवाई होगी वह की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन के अनुसार दिल्ली को देश का नंबर एक शहर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विश्व स्तरीय शिक्षा मॉडल एवं मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किए हैं, जिनकी प्रशंसा पूरे विश्व में हो रही है। वहीं निगम के तहत साफ-सफाई के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है दिल्ली के तीन कूड़े के पहाड़ों को हटाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। पिछले 15 वर्षों में जो कार्य नहीं हुए वह कार्य अब होंगे। वही उपमहापौर ने कहा कि दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जनता की समस्याएं सुनीं जा रही हैं और उनका समाधान करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के वार्ड नंबर-1 नरेला को आने वाले पांच वर्षों में नंबर एक बना कर दिखाएंगे। इस अवसर पर नरेला मंडी चेयरमैन अशोक गुप्ता, नरेला विधानसभा अध्यक्ष बीएस मान, पूर्व चेयरमैन राम नारायण भारद्वाज, विधानसभा सेक्रेटरी बंटी गर्ग, वसंत पवार ,राकेश कुमार, लाला महेंद्र जखोली वाले, लाला गोपी राम घी वाले, सुभाष सिंघल, महेंद्र जैन, दीपक गर्ग, विनीत बंसल, विनोद गर्ग सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धानंद कॉलोनी के शनि बाजार रोड़ पर चलाया गया सफाई अभियान

**अभियान...**

- अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा श्रद्धानंद कॉलोनी मैन रोड, शनि बाजार रोड़ के नाले को जैसीबी द्वारा साफ करवाई गई।
इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद




रहे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि वार्ड-18 जहांगीर पुरी में सफाई अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है। सभी नालों और नालियों की सफाई करवाई जा रही है, जिससे की गलियां साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छ हवा और सुन्दर वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाये: इन्द्रजीत मुखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की आपके आस-पास का वातावरण सुन्दर नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे



लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल व दवाईयां भी मिलती है, इसलिए सभी अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए कहे। जिससे की अधिक से अधिक पेड़ और पौधे लगाये जा सके।
एक अन्य सवाल के जवाब में श्री मुखी ने कहा कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। इसलिए सभी को निर्धन तबके की सहायता करने के लिए आगे आये और क्योंकि सेवा करना भी पुण्य का कार्य होता है।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के श्रीराम चौक पर जन चेतना सभा का विशाल आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने राजमहल के निर्माण में हुए 171 करोड़ रुपए के घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वजीरपुर विधानसभा के श्री राम चौंक वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में विशाल 'जन चेतना सभा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चाँदनी चौक क्षेत्र के सांसद डॉक्टर हर्ष वर्धन और दिल्ली विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष रामबीर सिंह बिधुड़ी मुख्य मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला केशवपुरम भाजपा ज़िलाध्यक्ष राज कुमार भाटिया, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, संजीव शर्मा, भाजपा नेता सतीश गर्ग, पार्षद अमित नागपाल के अलावा ज़िला केशव पुरम के पदाधिकारी, निगम पार्षद एवं मण्डल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बुराड़ी: पानी की समस्या का हल निकाले दिल्ली सरकार: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिस कारण से आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को साफ पानी न मिलने की वजह से दिल्ली की



जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों या विज्ञापनों पर ही नजर आ रहा है, धरातल पर विकास नहीं हो रहा है, जिसके चलते आज लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

## लोकसभा सचिवालय ने किया चिंतन शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** सचिवालय ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए गुरुवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन संसद भवन परिसर में किया गया। लोकसभा सचिवालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चिंतन शिविर में कर्मचारियों के हित और उनको प्रोत्साहित करने के संबंध में कई तरह की चर्चाएं आयोजित की गईं। चिंतन शिविर में प्रतिभागियों ने कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम, संसद भवन परिसर का सतत विकास, प्रोत्साहन और प्रेरणा के माध्यम से कार्य उत्पादकता में वृद्धि, संसद भवन परिसर में कार्यरत एजेंसियों के साथ समन्वय और कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना बनाने सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि सार्थक और उद्देश्यपूर्ण चर्चा के लिए चिंतन शिविर एक अनूठी और अग्रणी पहल है। यह शिविर प्रशासनिक मुद्दों पर गहन चिंतन करने के साथ-साथ लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों की ऊर्जा को नया आयाम देगा। उल्लेखनीय है कि पहला चिंतन शिविर 24 और 25 अप्रैल को संसद परिसर में आयोजित किया गया था, जिसमें सचिवालय की विभिन्न सेवाओं के लगभग 250 अधिकारी शामिल हुए थे।



उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गिरीश यादव से अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की टीम ने मुलाकात कर अहीर रेजिमेंट मुद्दे का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश विधानसभा से पास करवा कर दिल्ली लोकसभा में भिजवाने की मांग की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव राज बहादुर यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन यादव, अर्जुन यादव मौजूद रहे।

# भाजपा की कार्यकारिणी बैठक वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली भाजपा** की प्रदेश कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय विस्तार के परिसर में संपन्न हुई।
भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलन करके बैठक का उद्घाटन किया।
बैठक में सांसद सरोज पांडे ने 30 मई से 30 जून तक चलने वाले पार्टी के प्रचार कार्यक्रम की संरचना पर प्रकाश डाला। आज की कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, मनोज तिवारी एवं आदेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, हर्ष मल्होत्रा, दिनेश प्रताप सिंह, सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहब सिंह, हंसराज हंस, गौतम गंभीर, जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, कार्यकारिणी संयोजक अशोक




गोयल, प्रदेश के अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य सम्मिलित हुये।
बैठक में कार्यालय मंत्री हुकम सिंह ने गत कार्यकारिणी से आज तक के अंतराल में मृत पार्टी के कार्यकर्ताओं के निमित्त शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अपने उद्घाटन भाषण में बी एल संतोष ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को परिश्रम का फल मिलता है और उसके अनेक उदाहरणो में एक वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी हैं। उन्होंने कहा पिछले कुछ सालों में दिल्ली में एक भ्रम और झूठ के सहारे एक नेता ने अपनी आम आदमी की छवि बनाई थी पर असल में उसके पीछे भ्रष्टाचार और अराजकता थी, जिसको तोड़ने का काम अब दिल्ली भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक गंभीर बीमारी की तरह है जो दिल्ली के स्वस्थ्य शरीर के लिए खतरा बन गई है। यह बीमारी देश के लिये खतरा न बने हमें यह देखना होगा और उसको वहीं खत्म करने का संकल्प लेना होगा जहां से इसका जन्म हुआ है। बी एल संतोष ने कहा कि देश में अब 17वीं वन्दे भारत रेल शुरू हो चुकी है जो कि पूरी तरह से मेड इन इंडिया है जबकि पिछले ही साल इसकी श्रंखला की शुरूआत हुई थी। उन्होंने कहा कि पहले रेलवे की क्या स्थिति थी यह सबको पता है लेकिन आज देश नई उचाईयों को छू रहा है और आज सारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चल रहा है। पहले रेल को हतक-ए-इज्जत से देखा जाता था पर अब धीरे-धीरे रेलों में फैसिलिटी बढ़ने से लोगों के रेल विभाग के प्रति नजरिये में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि गत कुछ वर्षों में सूडान से, यूक्रेन से, रूस के साथ ही अनेक देशों में जहां राजनीतिक हालात खराब हुये वहां से भारतीयों के साथ-साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश ही नहीं बल्कि अमेरिका तक के नागरिकों को सुरक्षित निकालने का जो कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया है।

# विकास कार्यों का सांसद कौशिक ने किया उद्घाटन



**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**वीरवार को** सोनीपत सांसद रमेश कौशिक ने खरखौदा में अंबेडकर चौंक पहुँचकर लगभग 10 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नव-निर्मित खेल स्टेडियम, नव-निर्मित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क, नव-निर्मित बुच्चेश्वर पार्क, नव-निर्मित महिला एवं बाल पार्क तथा नव-निर्मित सामुदायिक केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनके पास सार्वजनिक कार्य लेकर आता है तो उनका प्रयास रहता है कि उसको तुरंत पूरा करवाया जाए। सांसद ने कहा कि वे प्रत्येक वर्ष एमपी कोटे का पूरा पैसा लोगों के विकास के लिए खर्च किया जाता है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। लोगों के विकास कार्यों को पूरा करने में कोई देरी नहीं की जाती सभी कार्यों को निश्चित समय में पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार अंत्योदय उत्थान की

**कोई भी व्यक्ति उनके पास सार्वजनिक कार्य लेकर आता है तो उनका प्रयास रहता है कि उसको तुरंत पूरा करवाया जाए**

भावना से कार्य कर रही है ताकि समाज के गरीब व्यक्ति को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके और वह अपने जीवन में आगे बढ़ सके।

इस दौरान सांसद ने खरखौदा के नव-निर्मित अंबेडकर पार्क में पौधारोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सांसद कौशिक ने कहा कि खरखौदा विकास के रास्ते पर बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

यह क्षेत्र आने वाले दिनों में औद्योगिक हब बनकर उभरेगा। मारूति-सुजुकी प्लांट के शुरू होने से यहां पर अनेक छोटी-छोटी औद्योगिक इकाईया लगेंगी, जिनमें हमारे लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया था, जिसमें केन्द्र सरकार व हरियाणा सरकार दिन-रात तेजी से कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। आज देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे है देश व प्रदेश में चारों तरफ नए हाइवे व एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है ताकि देश में औद्योगिकरण को बढ़ावा मिले।

इस मौके पर डीआरओ हरिओम अत्री, खरखौदा नगर पालिका की प्रधान कमला देवी, भाजपा नेता गुलशन ठेकेदार, प्रीतम खोखर, कुलदीप काकराण, सुनील दहिया, सतीश सेहरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सांसद ने 1.5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित स्वचालित सीढ़ियों को लोकार्पित किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सांसद रमेश** कौशिक ने गुरूवार को अंबाला सांसद रतनलाल कटारिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोनीपत रेलवे स्टेशन पर 1.5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित स्वचालित सीढ़ियों को लोकार्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों के बनने से हमारे बुजुर्गों व जिलावासियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने में आसानी रहेगी और उन्हें सीढ़ियों में चढने में कोई परेशानी नहीं होगी।

सांसद कौशिक ने कहा कि सोनीपत रेलवे स्टेशन को भव्य रूप देने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं और आगे भी किए जा रहे हैं। सोनीपत रेलवे स्टेशन को मॉडर्न व अत्याधुनिक बनाने के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे रेलयात्रियों को अच्छी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे प्रयास कर रेल यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाएंगे और उनकी मांगे भी नियमित रूप से पूरी करवायेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को अच्छी रेल सुविधाएं प्रदान करना केन्द्र सरकार का हमेशा लक्ष्य रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समय में रेल सुविधाओं में लगातार वृद्धि की गई है। सोनीपत से जींद रेल लाइन भी इसमें शामिल है।

सांसद ने कहा कि हाल ही में जिला की महिलाओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए दिल्ली तक स्पेशल महिला ट्रेन की शुरूआत की गई। इससे पहले लोगों की सुविधा को देखते हुए शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का सोनीपत ठहराव करवाया गया, ताकि सोनीपतवासी कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों की तुलना में बीजेपी सरकार में रेलवे का बहुत ज्यादा विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने को लेकर भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत तेजी के साथ नई रेलवे लाईनों का निर्माण कराया जा रहा है। क्योंकि यदि औद्योगिक के क्षेत्र में विकास करना है तो रेल का जाल बिछाना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर रेलवे मंत्रालय से एडीआरएम अनुपम सिंह, एडीएम सीमा, डीआरओ हरिओम अत्री सहित रेलवे मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहे।

**अंबाला से सांसद रतन लाल कटारिया के देहांत पर सांसद रमेश कौशिक ने जताया शोक**

सांसद रमेश कौशिक ने अंबाला से भाजपा सांसद रतनलाल कटारिया के देहांत पर शोक जताते हुए कहा कि आज उन्हें बहुत दुख हो रहा है कि पूरी उमर पार्टी को एक पौधे की रूप में सींचकर आगे बढ़ाने वाले पार्टी के वरिष्ठद नेता हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने कहा कि रतनलाल कटारिया बहुत ही मिलनसार व सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे।

उन्होंने हमेशा हरियाणा के विकास व गरीब लोगों के हकों के लिए आवाज उठाई है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुख से उभरने की शक्ति प्रदान करें।

## न्यूज फ्लैश

### रा.वरि.मा.वि. हथीरा का 10वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षा रिजल्ट रहा शानदार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक) राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा जिसमें बारहवीं कक्षा के 90 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए तथा 3 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण और 2 विद्यार्थी रिअपीयर में रहे। इसी प्रकार दसवीं कक्षा के 47 विद्यार्थियों में 4 विद्यार्थी फेल हुए। 12वीं में 38 विद्यार्थियों ने 75% और इस से अधिक अंक प्राप्त किए तथा दसवीं में 8 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए । इस अवसर पर ग्राम पंचायत हथीरा की ओर से सरपंच प्रतिनिधि ने बच्चों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हथीरा की ओर से पंडित राजकुमार, ईशम सिंह , मास्टर करनैल सिंह, अनिल कुमार ,संदीप कुमार, गुरमीत सिंह और यामीन आदि उपस्थित रहे। प्रिंसिपल रमेश कुमार ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मदन पाल चौहान ने मंच संचालन किया तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### कुंटिया जल्द चुनाव करवाने के लिए कटिबद्ध : रामकुमार गुर्जर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**गुरुवार** को कुंटिया प्रधान रामकुमार गुर्जर में कहा कि गत कुछ समय पहले कुंटिया कार्यकारिणी की बैठक कुंटिया कार्यालय में हुई थी जिसमें सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया कि कुंटिया का चुनाव विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा करवाया जाए , जिससे कुंटिया के मान सम्मान को और ज्यादा मजबूती मिले। इसके लिए सहमति बनी कि चुनाव करवाने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा जाए। प्रधान रामकुमार गुर्जर ने कहा कि इसके तुरंत बाद पत्र लिखकर विश्वविद्यालय प्रशासन से चुनाव करवाने के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाया हुआ है तथा जल्द ही पत्र का जवाब कुंटिया के पास आएगा। इसके बाद ही कुंटिया संविधान के अनुसार चुनाव से संबंधित आगामी कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कुंटिया जल्द चुनाव करवाने के लिए कटिबद्ध है। कुंटिया महासचिव अनिल लोहट ने कहा कि कुंटिया अपनी सभी जिम्मेदारियों तथा कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के प्रति सजग होकर निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी लगातार प्रमोशन संबंधित लंबित फाइलों और अन्य मामलों को लेकर कुंटिया कार्यालय आते हैं और कुंटिया पूरी लगन के साथ सभी संबंधित मामलों को सकारात्मक तरीके से निपटाने के लिए तन मन धन के साथ निरंतर प्रयास कर रही है। इन सभी कर्मचारियों की यह भी मांग है कि प्रमोशन संबंधित मामलों के प्रति सकारात्मक परिणाम आने के बाद ही कुंटिया का चुनाव करवाया जाए। इसके साथ साथ कई कर्मचारियों ने ज्यादा गर्मी के मौसम का हवाला देकर कुछ समय पश्चात कुंटिया चुनाव करवाने का सुझाव भी दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय कला दिवस पर वेस्ट बंगाल से पापिया दत्ता की पेंटिंग रही प्रथम

**पानीपतः अंतर्राष्ट्रीय कला** दिवस के अवसर पर पानीपत की "यूनिवर्स ऑफ आर्ट फाउंडेशन" संस्था द्वारा राष्ट्रीय ललित कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न भारतीय कलाकारों की अनोखी चित्रकारी को एक मंच प्रदान किया गया। देखा जाए तो, सोशल मीडिया के इस युग में हर कोई अपनी नवीन पहचान बनाना चाहता है, जिसके लिए वह डिजिटल मीडिया का चयन करता है। आज 21वीं सदी के न्यू मीडिया युग में एक कलाकार को नवीन पहचान व नया प्लेटफॉर्म दिलाने का काम पानीपत की संस्था "यूनिवर्स ऑफ आर्ट" फाउंडेशन बखूबी कर रही है। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में पूरे भारत से लगभग 23 राज्यों के कलाकारों ने इसमें भाग लिया। वेस्ट बंगाल, राजस्थान, केरला, मुर्शिदाबाद, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, इंदौर, कर्नाटक, बिहार, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, पंजाब, असम, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, आगरा, झारखंड और हिमाचल प्रदेश से 150 चित्रकारियां ऑनलाइन माध्यम से प्रदर्शित हुई। महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल व उत्तर प्रदेश से लगभग 81 पेंटिंग्स बतौर फेसबुक के माध्यम से प्रदर्शित की गई। वेस्ट बंगाल से 52 कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से अपना सहयोग दिया। सभी की पेंटिंग्स अलग-अलग थीम व विषयों पर आधारित थी।

# आत्मनिर्भर भारत के तहत आर्य गर्ल्ज कॉलेज दे रहा है विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में कॉलेज द्वारा चलाया जा रहा स्लीपर मेकिंग प्रशिक्षण शिविर के आखिरी बैंच का समापन किया गया।

आत्मनिर्भर भारत के तहत चप्पल बनाने की टेर्जनिंग के समापन पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने एन.एस.एस. स्वंयसेविकाओं को बधाई दी एवं उनके स्वरोजगार को शुरू करने हेतु उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टेर्जनिंग का आयोजन



एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं के लिए करते रहना चाहिए जिससे कि ये अपने-अपने गांव एवं शहर में एक स्वयं सेवक समूह बनाकर आत्मनिर्भर बन सकें और स्वयं को एवं औरों को रोजगार प्रदान कर सकें।

आर्य गर्ल्ज कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट पिछले तीन वर्ष से आत्मनिर्भर भारत प्रोजेक्ट के तहत स्वयंसेविकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिला रही है जैसे चप्पल बनाना, चॉकलेट बनाना, कान्हा जी की पोषाक, फूड टैक्नॉलोजी, स्वदेशी साबुन, दन्त मंजन, हर्बल चाय, मिनेचर गार्डन आदि।

एन.एस.एस. पी.ओ. डॉ. अनीता गोदारा व डॉ. अनु वर्मा ने अवगत करवाया कि एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर का उद्देश्य है कि हर गांव को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत 200 स्वयं सेविकाओं को उनके रूचि के अनुसार तैयार करना हमारे एन.एस.एस. यूनिट का उद्देश्य है जिससे कि देश की उन्नति पथ पर रहे एवं हमारा भारत का सपना पूरा हो।

# जिंदा हैंड ग्रेनेड को डिफ्यूज कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला जिले** के नाराणगढ़ क्षेत्र में गांव सौंतली के पास मिले झाड़ियों में चार जिंदा हैंड ग्रेनेड मिले थे जिंदा हैंड ग्रेनेड को डिफ्यूज कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हैंड ग्रेनेड प्लास्टिक के पाइप के बॉक्स में फिट करके रखा गया था। पुलिस के मुताबिकए 4 जिंदा ग्रेनेड को सफेदे के पेड़ों में छुपाकर रखा गया था। हालांकिए शहजादपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ धारा 3ए4ए5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धनाना के सरपंच केहर सिंह ने शहजादपुर पुलिस को सूचना दी थी कि अंबालाण्शहजादपुर रोड नजदीक गंव सौंतली में अशीष कुमार के खेतों में पाइप का एक बॉक्स पड़ा है। पाइप के दोनों तरफ से ढक्कन लगा हुआ है। संदिग्ध दिखाई देने पर डीएसपी आर्दशदीप सिंह एसएचओ विक्रांतए सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंची। सूचना मिलने के बाद मधुवन से बम निरोधक दस्ता की टीम घटनास्थल पर पहुंची। यहां टीम के सदस्य संदीप दलाल ने प्लास्टिक के बॉक्स को तोड़ा और डिफ्यूज किया।

# '15 दिनों में मरम्मत कार्य पूरा करवाने का प्रयास होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**एटलस फैक्ट्री** के समीप फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा करने बारे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सी0एम0 विंडो एमीनेंट पर्सन नवीन मंगला के साथ रेलवे के कार्यकारी अभियंता नरेष कुमार से भेंट की और राहगीरों को ट्रैफिक जाम को लेकर आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। रेलवे अधिकारियों ने आष्वासन दिया कि आगामी 15 दिनों में मरम्मत का कार्य पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों का कहना था कि पुल में रेलवे लाईन के ऊपर के हिस्से को मजबूती प्रदान करने के लिए ट्रीटमेंट किया जा रहा है



और यह काम रात को केवल दो घंटे ही चल पाता है। वजह यह है कि रेलों का आवागमन ज्यादा ज्यादा देर तक बंद नहीं कर सकते। उनका कहना था कि मरम्मत होने के बाद हाई टैक्नीक के जानकारों की टीम से पुल की मजबूती की जांच भी करवाई जाएगी, तभी ट्रैफिक का संचालन शुरू किया जाएगा। राजीव जैन ने मालगोदाम से लेकर पुरानी अनाज मण्डी तक बनने वाले पुल की लम्बित पड़ी मुख्यमंत्री की घोषणा बारे भी चर्चा की, रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे विभाग ने सरकार को मंडी की तरफ पुल उतारने के लिए जमीन देने का आग्रह किया है, यदि जमीन उपलब्ध हो जाती है तो काम शुरू हो सकता है।

# यूथ एशियन गेम्स के लिए पाइट की श्रुति का चयन

**समालखाः पाइट कॉलेज** की छात्रा श्रुति जागलान का यूथ एशियंस शूटिंग गेम्स के लिए चयन हो गया है। अब वह 20 से 28 जून तक श्रीलंका के कोलंबो कैंप में रहेंगी। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि कॉलेज में छात्र-छात्राओं को खेलों के लिए भी प्रेरित किया जाता है। सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। श्रुति जागलान इससे पहले मेरठ में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज जीत चुकी है। ऑल इंडिया नेशनल ओपन में स्वर्ण पदक जीता था। दस मीटर एयर राइफल शूटिंग में यूथ में श्रुति पहले स्थान पर है।

# बच्चों को अपने धर्म बारे जानकारी दें: मोनिका आर्या

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**हर** सनातनी को अपने बच्चों को अपने सत्य सनातन वैदिक धर्म बारे शिक्षा जरूर देना चाहिए। आज फन सिनेमा में वैदिक परिवार, पानीपत के तत्वावधान में "केरला स्टोरी" मूवी देखने के बाद आचार्या मोनिका आर्या ने उपस्थित वैदिक परिवार के सदस्यों को कही। उन्होंने कहा कि आज के युवा का अच्छी धार्मिक पुस्तकों के स्वाध्याय की आदत बिल्कुल ही नहीं है और न ही सत्संगों में रुचि है। जिस कारण से उसे सनातन धर्म बारे जानकारी ही नहीं है। आचार्या मोनिका ने कहा कि उस युवा को यह जानकारी देना हम सबका कर्तव्य है। इसके लिए माता पिता



को अपने घर पर वैदिक विद्वानों को बुला कर यज्ञ और प्रवचन के माध्यम से अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए।

वैदिक परिवार के महासचिव डा. राजबीर आर्य ने कहा कि प्राचीन समय में बच्चों को पढ़ने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। जहां पर बच्चों को अपने धर्म बारे शिक्षा मिलती थी और वह बच्चा विद्वान बनकर देश का एक अच्छा नागरिक बनता था। परंतु आज माता पिता का जोर बच्चों को विद्वान न बनाकर डॉक्टर, इंजीनियर बनाने पर है। डा. आर्य ने कहा कि आज गुरुकुल में बच्चों को भेजने बारे तो कोई सोचता ही नहीं। परंतु उसका भी एक छोटा विकल्प है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा द्वारा लगातार पुरुषों एवम महिलाओं के लिए दो दिवसीय लघु गुरुकुल का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोई भी महिला पुरुष भाग ले सकती है। उन्होंने बताया कि 27 व 28 मई को महिलाओं के लिए लघु गुरुकुल पानीपत में रति राम वाटिका में रहेगा। महिलाएं उसमे भाग लेकर अपने धर्म, ईश्वर आदि को जान सकती हैं। डा. आर्य ने कहा कि पानीपत में इतने बड़े बड़े धार्मिक आयोजन होते रहते हैं जिन पर 50 लाख रु से ज्यादा खर्च आता है। इन संगठनों को भी आत्म चिंतन करने की जरूरत है कि इतना भरी खर्च करने के बावजूद सनातन धर्म के लिए क्या उपलब्धि रही

# भारत सरकार का टीबी मुक्त अभियान 2025 | हिंदुस्तान यूनिलीवर ने की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जैसा कि** आप सब जानते हैं कि भारत सरकार का टीवी मुक्त अभियान 2025 में भारत को टीबी से मुक्त करने की मुहिम छेड़ी हुई है इसी मुहिम के तहत सोनीपत से हिंदुस्तान युनिलीवर कंपनी ने अपनी फैक्ट्री अपनी यूनिट को टीवी मुक्त करने का ले लिया आज 18 मई 2023 को हिंदुस्तान युनिलीवर खेवडा सोनीपत में द यूनियन, टीबी यूनिट सोनीपत एवं उजाला सिग्नस हॉस्पिटल तीनों ने मिलकर हिंदुस्तान युनिलीवर कंपनी में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं टीबी की स्क्रीनिंग का कैंप स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर आर्मिंडम चटर्जी स्टेटस टेक्निकल एडवाइजर, डाक्टर निकिता जो कि यूनियन की तरफ से उन्होंने वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों को टीबी के लक्षण के बारे में बताया और यह भी बताया कि टीबी की जांच करनी कितनी जरूरी है कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया डिस्टिक टीबी ऑफिस डॉक्टर तरुण यादव एवं उनकी टीम मौजूद रही हिंदुस्तान युनिलीवर की तरफ से यूनिट हेड अभिषेक जैन एवं यूनिट एच आर इंदर सिंह मौजूद रहे उजाला सिग्नस हॉस्पिटल की तरफ से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें हॉस्पिटल के हेड सुरेश कालरा ने बताया कि हमने यहां पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच भी किया टीवी फ्री इंडिया बनाने में सोनीपत में उजाला सिग्नस हॉस्पिटल यूनियन डिस्ट्रिक्ट टीम के साथ करार हुआ है जिसमें की सोनीपत को जल्दी से जल्दी टीवी मुक्त किया जाना है।

# वाल्मिकी समाज ने किया वाइस चेयरमैन का अभिनंदन

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार दलित व पिछडे वर्ग के उत्थान के लिए कर रही है कार्य-सुभाष**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**

**हरियाणा** सरकार द्वारा युवा सामाजिक कार्यकर्ता विशाल वाल्मिकी और युद्धवीर को जिला टास्क फोर्स कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर ककरोई रोड़ स्थित वाल्मिकी धर्मशाला में वाल्मिकी समाज ने स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र का अभिनंदन किया। इस दौरान लोगों ने वाइस चेयरमैन का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

वाईस चेयरमैन श्री चंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार दलित व पिछड़े वर्ग



के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उनको बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देने के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि आज परिवार पहचान पत्र की सहायता से लोगों के घर बैठे पीले राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा गरीब लोगों के 05 लाख रुपए तक के फ्री ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड व चिरायु कार्ड बनाए जा रहे है ताकि इसकी सहायता से गरीब लोग भी अच्छे अस्पतालों में अपना ईलाज करवा सके। इस मौके पर हरियाणा स्टेट टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य सुरेंद्र, जिला टास्क फोर्स के सदस्य विशाल वाल्मिकी व युद्धवीर, वाल्मिकी समाज सुभाष नगर के प्रधान ओम प्रकाश, कार्यक्रम के संयोजक श्याम नगर वाल्मिकी समाज के प्रधान सतबीर, सूरजभान, कुकू भगत, सावन, रवि टांक, अशोक रावल, सुरेश चौहान, कृष, आनंद, दलराज, मदन, आजाद चौहान, रोहताश, देशराज, मुकेश चौहान, संतोष, सुनीता, अन्नु, बरखा, शालू, बलराज बोहत, मुकेश लोहट, रवि गहचंद, हिमांशु तथा बलबीर सहित वाल्मिकी समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया लावारिस का अंतिम दाह संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने आज एक लावारिस शव का अंतिम दाह संस्कार तिरंगा चौक सोनीपत शिवमुक्ति धाम मे किया, संस्था के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया की जिसका कोई नही होता उसके भगवान होते है और भगवान किसी ना किसी की ड्यूटी लगाकर काम पूरा करवाते है, संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा ने बताया की सोनीपत कोट मोहल्ला स्थित पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर मनीष ने उनसे एक लावारिस का अंतिम संस्कार करने का आग्रह किया जिसे संस्था ने सहर्ष मान लिया क्योंकि संस्था लावारिस अंतिम संस्कार व हर महीने की पहली तारीख को सोनीपत जिले के सभी शमशान से लावारिस अस्थि उठाकर उनका विसर्जन हरिद्वार मे करती है, चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर मनीष ने बताया की दिनांक 15 मई को सोनीपत बस अड्डे के पास उन्हें एक शव मिला जिसकी कोई शिनाख्त नही हो पाई अतः उन्होंने सेफ इंडिया फाउंडेशन से इसका अंतिम संस्कार करने के लिए संपर्क साधा, संस्था के सदस्यों द्वारा पुरे विधि विधान से पूजा पाठ कर शव का अंतिम दाह संस्कार किया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 मई 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'देवभूमि में विकास कार्य जारी'

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया पैच रिपोर्टिंग एप का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में 'पैच रिपोर्टिंग एप' का शुभारम्भ किया। यह मोबाइल एप लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए बनाया गया है। इसके माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपने आसपास सड़कों पर पाए जाने वाले गड्ढों की फोटो खींचकर पूरी जानकारी के साथ अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायतकर्ता को ऐप के माध्यम से दर्ज शिकायत पर हुई कार्रवाई के विषय में भी चित्र सहित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस एप के माध्यम से प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एप के माध्यम से शिकायतकर्ता से सड़क पर गड्ढे से संबंधित जो शिकायत की जायेगी, उसका समाधान एक सप्ताह के



अन्दर ठीक कराया जाए, इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एप के माध्यम से सड़कों को पूर्णतया गड्ढा मुक्त बनाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। राज्य की सड़कों को पूर्णतया गड्ढा मुक्त बनाने के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सख्त निर्देश दिये गये थे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए पैच रिपोर्टिंग एप विकसित किया गया है। प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में सहयोग करने वाला यह मोबाइल एप लोक निर्माण विभाग का सुगम सुरक्षित यात्रा के लिए सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाए जाने और आमजन से परस्पर संवाद बनाए रखने के लिए विकसित किया गया है। इस एप के द्वारा गड्ढे वाले स्थान की लोकेशन की सूचना अक्षांश, देशांतर द्वारा स्वतः ही प्रदर्शित होगी।

## दस माह में जीएसटी से सरकार को मिला 1061.46 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**जीएसटी** सरकार के लिए दुधारु गाय साबित हो रहा है। अकेले उत्तराखंड में 10 माह में 2022-23 में जनवरी 2023 तक 1061.46 करोड़ रुपये राजस्व मिला है जो विकास योजनाओं के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह जानकारी आरटीआई एक्टिविस्ट नदीमुद्दीन को राजस्व विभाग ने उपलब्ध कराई है।
पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में जैसे-जैसे वृद्धि होती है वैसे -वैसे सरकार के टैक्स राजस्व में भी बढ़ोतरी होती है। 2007-08 से जनवरी 2023 तक सरकार को 17966 करोड़ 61 लाख रुपये टैक्स मिला है। पेट्रोल पर 2007-08 की तुलना में 2021-22 में 6 गुना से अधिक टैक्स मिला है। उपलब्ध सूचना के अनुसार अप्रैल 2007 से मई 2022 तक पेट्रोलियम पदार्थों से उत्तराखंड सरकार ने 17,966 करोड़ 61 लाख का टैक्स वसूला है। उपलब्ध टैक्स आंकड़ों के अनुसार 200708-में पेट्रोलियम पदार्थों पर सरकार को केवल 414.9 करोड़ टैक्स मिला था जो 2007-08 में 414.9 करोड़, 2008-09 में 457.45 करोड़, 2009-10 में 476.71 करोड़, 2010-11 में 637.93 करोड़, 2011-12 में 1393.7 करोड़, 2017-18 में 1461.26 करोड़, 2018-19 में 1599.92 करोड़ हो गया, लेकिन कोरोना महामारी शुरू होने पर 2019-20 में इसमें 88.13 करोड़ की कमी होकर 1511.79 करोड़ ही रह गया।

# मप्र 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ कर देंगे: कमलनाथ

### खुला पिटारा

**100 यूनिट तक बिजली बिल माफ की जाएगी और 200 यूनिट के लिए हाफ बिल होगा: प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ**



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मध्य** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले राजनेता जनता के बीच पहुंच रहे हैं और अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने बड़ा एलान किया है। पूर्व सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ की जाएगी और 200 यूनिट के लिए हाफ बिल होगा।
दरअसल आज गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने धार जिले के बदनावर पहुंचे। यहां उन्होंने आमसभा को संबोधित किया। कमलनाथ ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि कांग्रेस की सरकार आने पर 100 यूनिट बिजली माफ की जाएगी और 200 यूनिट के लिए आधा बिल देना होगा। इस घोषणा के साथ ही कमलनाथ ने छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को साधने का प्रयास किया है। नारी सम्मान योजना में महिलाओं को 1500 रुपए और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के बाद इसे कमलनाथ का दूसरा मास्टर स्ट्रोक कहा जा सकता है।
**शिवराज सरकार पर साधा निशाना:** इस मौके पर उन्होंने शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा है और कहा कि भाजपा राज में महंगाई आसमान पर पहंच चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर वो सबसे कमजोर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जाएगी।
कमलनाथ ने कहा कि आज मध्यप्रदेश का नौजवान रोजगार के लिए भटक रहा है और प्रदेश का अन्नदाता खाद बीज और फसलों के उचित मूल्य के लिए भटक रहा है।

# अतीक की सम्पत्तियों की जांच में आरबीएम का नाम आया सामने



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मृत माफिया अतीक अहमद की अवैध सम्पत्तियों की जांच में लखनऊ के कई बिल्डिंगों के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इस दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण की जांच में आरबीएम का नाम सामने आया है। आरबीएम के आर्किटेक्ट, मालिक और पार्टनरों के नाम चौकानें वाले हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जोन दो के अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि बीते दिनों मारे गए अतीक से जुड़े एक बिल्डिंग को लेकर जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि आशियाना क्षेत्र में बने आरबीएम नामक बिल्डिंग जिसमें बैंक्वेट हाल चलाया जा रहा है, उसकी कागजी जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। फिलहाल अभी इसको लेकर किसी का नाम नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि जांच चल जारी है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर

### दावा

**आरबीएम नामक बिल्डिंग जिसमें बैंक्वेट हाल चलाया जा रहा है, उसकी कागजी जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं**

एलडीए आगे नोटिस भेजकर इस मामले में कार्यवाही करेगा।
**पूर्व आईएएस अधिकारी का नाम सामने:** मौके पर आरबीएम नामक बिल्डिंग की जानकारी करने पर पाया गया कि यह एक कार्मिशयल बिल्डिंग है। इसके मालिक की जानकारी करने पर एक पूर्व आईएएस अधिकारी का नाम भी सामने आया है। बिल्डिंग को कुछ वर्षों पूर्व पद पर रहते हुए अधिकारी द्वारा बनवाया गया था। इस बिल्डिंग के तार भी अतीक से जुड़ रहे हैं। पूर्व में अतीक केस से जुड़े मोहम्मद मुस्लिम को हिरासत में लेकर उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी एसटीएफ) के अधिकारियों ने पूछताछ की थी।

# निकाय चुनाव में भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग

## बैठक में सबसे पहले प्रदेश स्तरीय और उसके बाद मंडल व जिलावार पदाधिकारियों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक की। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, 18 मंडलों और 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में नगर निकाय चुनाव में मिली हार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा की गईं। बैठक में सबसे पहले प्रदेश स्तरीय और उसके बाद मंडल व जिलावार पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों से मिले फीडबैक के



अनुसार चुनाव के दौरान खासकर भाजपा और सपा द्वारा साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों प्रकार के घिनौने हथकंडे अपनाए गए। इस चुनाव भाजपा की सरकार ने सरकारी मशीनरी का घोर दुरुपयोग

### बरी किया....

**पार्टी के वरिष्ठ नेता, 18 मंडलों और 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहें**

किया है। मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आम रहीं। इसकी वजह से अधिकांश मतदाता मतदान नहीं कर सके। मायावती ने कहा कि यह अति दुखद और लोकतंत्र के भविष्य के लिए अति-चिंतनीय है। मायावती ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि इन्हीं गंभीर हालात व चुनावी मुद्दों से निपटने और रणनीति तैयार करने के लिए आज यहां बैठक बुलाई है। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुल मिलाकर 'वोट हमारा राज तुम्हारा' के प्रचलित हालात को आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बदलने के सामूहिक प्रयास को गांव-गांव तक और तेज गति से जनता के बीच पहुंचाने की जरुरत है। लोग अपनी गरीबी, लाचारी तथा प्रदेश के पिछड़ेपन आदि को दूर करके अपनी बेहतरी एवं अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए बदलाव की चाह रखते हैं।

# बिकरू कांड: कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में पेश किया गया जय

**टीम एक्श इंडिया/कानपुर**
**बिकरू** कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे के खजांची जय बाजपेई को धोखाधड़ी मामले में जनपद न्यायालय में गुरुवार को पेश किया गया। पेशी के दौरान उसने वीडियो बना रहे एक व्यक्ति के कैमरे पर हाथ मार दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कानपुर देहात के माती जेल में बंद जय बाजपेई की धोखाधड़ी के एक मामले में कानपुर न्यायालय में गुरुवार को पेशी थी। इस दौरान उसे कड़ी सुरक्षा में माती जेल से कानपुर न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था। पुलिस जीप से उतरकर पेशी पर ले जाते

### हाथ दिया

**वीडियो बना रहे एक व्यक्ति के कैमरे पर हाथ मार दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है**

समय एक कैमरामैन जय का वीडियो बना रहा था। यह देखकर जय बाजपेई उत्तेजित हो उठा और कैमरे पर हाथ मार दिया। इस दौरान कहासुनी भी हुई। जय बाजपेयी के अधिवक्ता शिवाकांत का कहना है कि यह जय के विपक्षी की शरारत है। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति उसके क्षेत्र का रहने वाला है।

# कांग्रेस ने नगर की सड़कें ठीक करने की दी चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई टिहरी**
नगर की आंतरिक सड़कों की बदहाली को लेकर कांग्रेसियों ने ईई लोनिवि दिनेश मोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर कर बदहाल सड़कों को 15 दिनों के भीतर ठीक करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि विभागीय लापरवाही से हाल में पेटिंग की गई सड़कें गड्ढों से भर चुकी हैं। विभाग पर कमीशनखोरी का भी आरोप लगाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार की अध्यक्षता में कांग्रेसियों का दल बौराड़ी प्रांतीय लोनिवि के कार्यालय में पहुंचा। वहां पर विभाग पर मनमानी और भ्रष्टाचार

### ज्ञापन सौंपा

**बदहाल सड़कों को 15 दिनों के भीतर ठीक करने की मांग की है। लापरवाही से हाल में पेटिंग की गई सड़कें गड्ढों से भर चुकी हैं**

करने आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। हाल ही में लोनिवि ने नगर की आंतरिक सड़कों पर करोड़ों की लागत से पेटिंग का काम किया गया, लेकिन 6 माह भी पूरे नहीं हुए कि गुणवत्ताविहीन कामों के चलते फिर से नगर की आंतरिक सड़कों गड्ढों से भर गई हैं।

# रोजगार के वायदे हो रहे पूरे

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश में** रोजगार मेला या कैम्पस ड्राइव के माध्यम से रोजगार देने के वायदे को पूरा किया जा रहा है। लखनऊ में कैम्पस ड्राइव में ही गुरुवार को 200 अभ्यर्थियों को प्राइवेट कम्पनी ने चयनित किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैम्पस ड्राइव से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में कार्य करने के इच्छुक युवक व युवतियों को वी विन लिमिटेड कम्पनी ने चयनित किया। सबसे पहले 556 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।



एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधरोपण करने के संकल्प के क्रम में गुरुवार को राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, बरगद, आम और जामुन के पौधे रोपे।




### मुकदमा दर्ज

धवार की देर रात आंधी-बारिश के कार□ा नाले और नालियां में कूड़ा भर गया

# नगर निगम सुपरवाइजर को पीटा, हुआ बवाल

**टीम एक्श इंडिया/मेरठ**
**कोतवाली** थाना क्षेत्र में गुरुवार को नालों की सफाई कराने पहुंचे नगर निगम के सुपरवाइजर को मुस्लिम युवकों ने पीट दिया। इसका पता चलते ही सफाई कर्मचारियों और हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। यह सुपरवाइजर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव का भाई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ईव्ज चौराहे स्थित पूर्वा आहिरान निवासी हिरदेश सूद नगर निगम में सुपरवाइजर है।




हिरदेश के बड़े भाई मोनिंदर सूद कांग्रेस के प्रदेश महासचिव है। हिरदेश की ड्यूटी वार्ड 70 में चल रही है। बुधवार की देर रात आंधी-बारिश के कारण नाले और नालियां में कूड़ा भर गया। इस कारण कई मोहल्लों में जलभराव हो गया। सूचना पर सुपरवाइजर अपने साथ सफाई कर्मचारियों को लेकर बनिया पाड़ा में सफाई कराने

### पीटा

**नालों की सफाई कराने पहुंचे नगर निगम के सुपरवाइजर को मुस्लिम युवकों ने पीट दिया**

गए थे। आरोप है कि तभी क्षेत्र के मोइनुद्दीन ने अपने साथियों के साथ हिरदेश से अभद्रता कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जमकर मारपीट की। हिरदेश किसी तरह से जान बचाकर कोतवाली थाने पहुंच गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी।